भाद्रपद शुक्ल पक्ष-14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 87 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 सितम्बर 2024
मंगलवार

**आज का मौसम**
27 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### शाम को देंगे इस्तीफा, आतिशी को चुना नया नेता, दिल्ली की तीसरी महिला सीएम बनेंगी

# अब दिल्ली में केजरीवाल की 'आतिशी पारी'

**नई दिल्ली, एजेंसी।**





आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने आज 'आतिशी दांव' चलकर सियासत में फिर सरगर्मी घोल दी। पार्टी की बैठक में अब तक मंत्री की पारी खेल रहीं आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया। वे संभवत देर शाम या कल शपथ भी ले लेंगी। इस तरह दिल्ली को तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिली हैं। इसके पहले सुषमा स्वराज व शीला दीक्षित बडी पारी खेल चुकी हैं। इससे पहले आज सुबह केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की बैठक बुलाई गई। इसमें सर्वसम्मति से नए नेता के रूप में आतिशी का चुनाव हो गया। आतिशी पंजाबी राजपूत परिवार से ताल्लुक रखती हैं और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं। वे 2020 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुनी गईं और 2023 में पहली बार केजरीवाल सरकार में मंत्री बनीं। इससे पहले वो 2019 में पूर्वी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ी थीं और बीजेपी उम्मीदवार गौतम गंभीर से 4.77 लाख वोटों से हार गई थीं।

बीते कुछ समय में आतिशी को केजरीवाल का करीबी सहयोगी और विश्वासपात्र माना जाने लगा था। जब केजरी जेल में थे तब वे ही मोर्चा संभाले हुए थीं। स्वाति मालीवाल प्रकरण के बाद वे तेजी से पार्टी में उभरी थीं। हालांकि वे अन्ना आंदोलन के समय से संगठन में सक्रिय हैं और अभी भी सबसे ज्यादा मंत्रालयों की जिम्मेदारी है।

### सबसे युवा सीएम, मप्र में 7 साल रहीं

आतिशी का जन्म जून 1981 को दिल्ली में हुआ है। उनके पिता नामविजय सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे हैं। आतिशी ने स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्प्रिंगडेल स्कूल से की। सेंट स्टीफंस कॉलेज में हिस्ट्री से स्टडी की और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शेवनिंग स्कॉलरशिप पर मास्टर की डिग्री हासिल की। कुछ साल बाद उन्होंने शैक्षिक अनुसंधान में रोड्स स्कॉलर के रूप में ऑक्सफोर्ड से अपनी दूसरी मास्टर डिग्री हासिल की। उन्होंने मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में सात साल बिताए, जहां वो जैविक खेती और प्रगतिशील शिक्षा प्रणालियों से जुड़ीं।

### मोदी के जन्मदिन पर जनऔषधि केंद्रों की *नई शुरूआत*, 51 हजार प्रधानमंत्री आवास भी

# रिटर्न गिफ्ट: जिला अस्पतालों में सस्ती दवाओं की दुकानें शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश के 50 जिला अस्पतालों में आज प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की शुरूआत हो गई। इनका संचालन रेडक्रॉस के जरिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर यह सौगात दीं। इसके अलावा, 51 हजार प्रधानमंत्री आवासों का गृह प्रवेश भी कराया गया। साथ ही, भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार रेटिंग मिलने पर नगर निगम के 8,117 सफाई मित्रों को 5-5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और सीएम ने सिंगल क्लिक से राशि खातों में ट्रांसफर की।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा - प्रदेश भर में रहवासी संघ बनाने की जरूरत है, ताकिजन भागीदारी के जरिए जनपदों को सुझाव और समस्याएं पता चल सके। इंदौर में भागीदारीसे 200 करोड़ के काम किए गए थे। हर बार सरकार के भरोसे विकास नहीं संभवहै। जनता की जन भागीदारी जरूरी है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा किभविष्य में मध्य प्रदेश स्वच्छता में देश में एक नंबर पर होगा। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, लोक स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नगरीय विका राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

**पत्रकारों को भी सौगात:** मुख्यमंत्री ने आज 'पत्रकार बीमा योजना' में बीमा कंपनी द्वारा की गई प्रीमियम वृद्धि का भार राज्य सरकार द्वारा उठाने का भी ऐलान किया। अब पत्रकारों को अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं उठाना पड़ेगा तथा गत वर्ष की तरह ही प्रीमियम देना पड़ेगा।



### सफाई में जितने स्टार, उतने रुपए: सीएम

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कचरा मुक्त शहर स्टार प्रमाणीकरण के आधार पर सफाई मित्रों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिस निकाय को जितने स्टार मिलेंगे, उसमें कार्यरत उतने हजार रुपए की राशि दी जाएगी यानी एक स्टार हासिल करने वाले निकाय को एक-एक हजार, दो, तीन स्टार से लेकर 5 स्तर औश्र 7 स्टार तक प्राप्त कर सकते हैं। 7 स्तर वालों को 7 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी तरह प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को लेकर जागरूकता बढ़ेगी, जिससे लोग ब्रांडेड दवाओं पर निर्भरता कम करेंगे और सस्ती जेनेरिक दवाओं को अपनाएंगे। इस योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। प्रत्येक केंद्र के चालन के लिए फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारी आवश्यक होंगे, जिससे राज्य में नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### क्या हैं औषधि केंद्र

आज से सभी जिला अस्पतालों में शुरू हुए जन औषधि केन्द्र पर सस्ती दरों पर जेनेरिक दवाएं मरीजों को मिलेंगी। सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र परियोजना की शुरुआत 08 में की गई थी। अभी मप्र के जिलों में 500 से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हैं। ये केंद्र शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। आज से सभी जिला अस्पतालों में भी यह खुल गये हैं। यहां दवाएं बाजार में ब्रांडेड दवा की तुलना में 50त्न से 90त्न तक कम दाम पर उपलब्ध होंगी।

### ईडी ने टीएमसी विधायक के छह ठिकानों पर की छापेमारी

**कोलकाता एजेंसी।**



प्रवर्तन निदेशालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितता के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक सुदीप्तो रॉय के आवास पर छापेमारी की है। विधायक से पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 12 सितंबर को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके सिंथी में उनके आवास पर पूछताछ की थी। टीएमसी विधायक खुद एक चिकित्सक हैं और आरजी कर कॉलेज की रोगी कल्याण समिति के प्रमुख हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों ने वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में आज सुबह विधायक के आवास समेत कोलकाता में छह स्थानों पर एक साथ छापे मारे। रॉय के आवास और एक दवा विक्रेता के आवास के अलावा चार अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

# अब गाजीपुर में रेल पटरियों पर अवरोध मिला, साजिश के एंगल पर जांच

**गाजीपुर, एजेंसी।**



अब उप्र के गाजीपुर जिले में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का बड़ा टुकड़ा मिलने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बीते पंद्रह दिन में इस तरह का यह तीसरा मामला है। इससे पहले कानपुर और अजमेर में भी रेल ट्रेक पर बड़े अवरोध मिले थे। ताजा मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सिटी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर ये लकड़ी का टुकड़ा मिला था, जो इंजन में फंस गया था। इसके चलते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी आ गई और वो करीब 2 घंटे तक खड़ी रही। गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर ने ट्रेन को रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन को डिरेल करने साजिश के एंगल पर जांच हो रही है।

दरअसल, सुबह-सुबह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन रेल पटरी पर एक तेज आवाज के साथ खड़ी हो गई थी। जांच में पता चला कि एक लकड़ी का बड़ा टुकड़ा रेल की पटरियों पर रखा गया था, जो एक्सप्रेस ट्रेन की पहियों से होते हुए इंजन में फंस गया। कानुपर में भी असामाजिक तत्वों ने ट्रैक पर गैस सिलेंडर रख दिया था। जबकि अजमेर में पटरियों पर सीमेंट के भारी ब्लाक मिले थे। कुछ दिन पहले भी रेल पटरी पर पत्थर के टुकड़े मिले थे।

# सूचना आयुक्त यादव को राज्यपाल ने शपथ दिलाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज रिटायर्ड आईपीएस विजय यादव को मप्र के मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। उनके साथ सूचना आयुक्त उमाशंकर पचौरी (शिक्षाविद), वंदना गांधी (समाजसेवी) और ओमकार नाथ (सेवानिवृत्त जज) ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे। शपथ समारोह सुबह राजभवन में हुआ। शपथ के बाद सीएम ने मुख्य सूचना आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट किये। ज्ञात हो कि सूचना आयोग में लंबे समय के बाद मुख्य सूचना आयुक्त और तीन सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां हुई हैं। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा 10 सूचना आयुक्त के पद स्वीकृत हैं, लेकिन कभी पूरे नहीं भरे गए। मार्च 2024 से सभी पद रिक्त हैं, जिसके कारण द्वितीय अपील और शिकायतों पर निर्णय नहीं हो पा रहे हैं। लगभग 16 हजार मामले लंबित हो चुके हैं।

### शिवराज के बेटे का रिश्ता तय, एक्स पर खुद दी जानकारी



**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय का रिश्ता भोपाल की ही अमानत बंसल से तय हुआ है। अमानत बंसल एक बड़े बिजनेसमैन अनुपम बंसल की बेटी हैं। 17 अक्टूबर को कार्तिकेय और अमानत की सगाई की रस्म होगी। शिवराज सिंह चौहान ने अपने बड़े बेटे कार्तिकेय की सगाई होने की सूचना एक्स पर पोस्ट की व इस जोड़ी के लिए आशीर्वाद मांगा है। कुछ समय पहले ही शिवराज के छोटे बेटे कुणाल की शादी तय हुई थी। चौहान ने कहा कि मैं, मेरी धर्मपत्नी साधना और पूरे परिवार को आप सभी से यह शुभ समाचार साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता है।

### भाजपा के मंत्री दर्जा प्राप्त नेता की बहू से बदसलकी, एफआईआर

**इंदौर।** भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त केश शिल्पी आयोग के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा के खिलाफ उनके छोटे भाई की पत्नी ने राऊ थाने में मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कराया है। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें नंदकिशोर अपनी बहू को धक्का देते हुए नजर आ रहे हैं। वे उससे बहस कर रहे हैं, साथ ही अपशब्द भी कह रहे हैं। बताते हैं कि नंदकिशोर और इनके छोटे भाई हरिनारायण के बीच संपत्ति को लेकर करीब दो माह से विवाद चल रहा है। वजह वह ढाबा है, जिस पर दोनों ही अपना कब्जा चाहते हैं। दोनों के बीच फिर विवाद हुआ तो संगीता भी पहुंची। गुस्साए भाजपा नेता वर्मा ने उसके साथ बदसलूकी करना शुरू कर दी। राऊ थाना पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

### शेयर बाजार में छाई सुस्ती सेंसेक्स और निफ्टी नीचे



**मुंबई।** आज रात से शुरू हो रही यूएस फेड की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक के पहले घरेलू शेयर बाजार में निवेशक सतर्कता बरतते दिख रहे हैं। मंगलवार को एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी में सुस्ती देखी गई। ब्रिटानिया, टाटा कंज्यूमर और एचयूएल में 1प्रतिशत की तेजी रही, जबकि टाटा मोटर्स के शेयरों में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। ब्लूचिप कंपनी के शेयरों में यह गिरावट उसके 1.9 करोड़ शेयरों के एक बड़े ब्लॉक डील के बाद आई। सुबह सेंसेक्स 68.03 अंक टूटकर 82,919.03 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 7.75 अंक फिसल गया।

**अवकाश सूचना:** अनंत चर्तुदर्शी पर दोपहर मेट्रो कार्यालय में 18 सितम्बर को अवकाश रहेगा।


**मेट्रो एंकर** — पीएम की अनुशासित दिनचर्या के कायल हैं कई केन्द्रीयमंत्री व भाजपा नेता

# मोदी @75, फिट रहने के लिए अल्पाहार व योग निंद्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी आज जीवन के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। वे बीते करीब ग्यारह वर्ष से प्रधानमंत्री के पद पर हैं और खुद को फिट रखने के लिए वज्रासन, सेतुबंधासन, भुजंगासन और उत्तानपादासन जैसे योगाभ्यास करते हैं तथा रोजाना सिर्फ साढ़े तीन घंटे की नींद लेते हैं। खास बात यह कि मोदी शाम छह बजे के बाद कुछ भी नहीं खाते। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने एक बार कहा था कि वह पीएम मोदी की दैनिक दिनचर्या से बहुत प्रभावित हैं। बताया जाता है कि मोदी सादा और संतुलित भोजन खाने में यकीन रखते हैं भोजन में दाल, चावल, खिचड़ी जैसे व्यंजन लेते हैं।

मोदी के दिन की शुरुआत योग से होती है। एक बार उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया था। वह रोजाना लगभग 40 मिनट तक योग करते हैं। उनका दिन सूर्य नमस्कार और प्राणायम किए बिना शुरू नहीं होता तथा हफ्ते में दो बार योग निद्रा करते हैं। एक बार उन्होंने खुद बताया था कि अनिद्रा से बचने के लिए योग निद्रा बहुत लाभदायक है। इसी तरह पैदल चलना जीवन के लिए बहुत लाभदायक है। स्वास्थ्य की दृष्टि से हरी घास पर चलना उन्हें पसंद है।



फिट इंडिया से जुड़े एक कार्यक्रम में मोदी ने बताया था कि उन्हें सहजन के पराठा बेहद पसंद हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। वह हफ्ते में दो बार इस तरह के पराठे जरूर खाते हैं। उनका डिनर आमतौर पर हल्का होता है, जिसमें अधिकतर गुजराती खिचड़ी होती है। वह शाम को छह बजे के बाद कुछ भी नहीं खाते।



### 75 पार के कई फिट नेता

गौरतलब है कि भारत में ही 75 साल से ज्यादा उम्र के कई नेता अभी भी एक्टिव हैं और बड़े पदों पर हैं। इनमें 83 साल के शरद पवार, 82 साल के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, 91 साल के जेडीएस अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा, 86 साल के फारूक अब्दुल्ला, 77 साल की सोनिया गांधी और 79 साल के अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद इत्यादि नेता शामिल हैं। वैसे तो दुनिया के किसी भी देश में राजनीति से रिटायरमेंट की कोई उम्र तय नहीं है। मगर बीते मई महीने में एक बार अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। तो क्या भाजपा उन्हें लालकृष्ण आडवाणी की तरह रिटायर करेगी?' उस वक्त गृह मंत्री अमित शाह को सफाई देनी पड़ी थी।





कल तक चलेगा बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन

# अगले बरस तू जल्दी आ... गणेश की विदाई का दौर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

दस दिनों तक घर की रौनक रहने के बाद गणेश आज विदा हो रहे हैं, अगले वर्ष फिर आने के लिए।सुबह से घरों में और सार्वजनिक स्थानों पर रखी प्रतिमाओं के समक्ष विशेष पूजन भंडारे आदि का दौर चल रहा है। दूसरी तरफ गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रशासन सतर्क है और बडी प्रतिमाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई हैं। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस ने प्लान तैयार किए हैं। सभी विसर्जन घाटों पर सीसीटीवी कैमरे रहेंगे तो गोताखोर और पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात होंगे। बड़ी मूर्तियों को क्रेन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया जाएगा। वहीं, शहर में जुलूस रूट पर कुंड के अलावा स्टॉल भी लगेंगे। जहां लोग गणेश मूर्तियां रख सकेंगे। फिर निगम इन्हें विसर्जित करेगा। खास बात यह है कि डोल ग्यारस (एकादशी) से निगम, प्रशासन और पुलिस अमला घाटों पर तैनात हो गया है, जो 19 सितंबर तक रहेगा। पूर्व में हुए हादसों को देखते हुए पानी में उतरकर मूर्ति विसर्जित करने की मनाही है। बड़ी मूर्तियों के लिए सभी घाटों पर क्रेन मौजूद है। पूजा-अर्चना के बाद लोग क्रेन पर मूर्ति रखेंगे, जिन्हें तालाब में विसर्जित कर दिया जाएगा। छोटी मूर्तियों के लिए यही पर कुंड भी बने हैं।

### इन घाटों पर विसर्जन व्यवस्था

खटलापुरा, प्रेमपुरा, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, हथाईखेड़ा डैम, शाहपुरा एवं आर्च ब्रिज के घाट पर मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। डोल ग्यारस के मौके पर शनिवार को यहां 1 हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन किया गया।जबकि छोटी मूर्तियों के लिए लालघाटी चौराहा, गांधी नगर, करोंद चौराहा, भवानी चौक, नादरा बस स्टैंड, 5 नंबर स्टॉप पेट्रोल पंप के पास, शाहपुरा चौराहा, सर्व-धर्म चौराहा, आशिमा मॉल, अवधपुरी चौराहा, आनंद नगर चौराहा, अयोध्या बायपास मिनाल चौराहा, प्रभात चौराहा आदि पर कुंड रखे जा रहे हैं। घाटों पर भीड़ कम से कम रखने के लिए नगर निगम की ओर से बड़े घाट के रूटों पर वार्ड और जोन स्तर पर जगह-जगह विसर्जन कुंड बनाए जाएंगे। इसके लिए अलग-अलग इलाकों के प्रमुख तिराहे और चौराहों समेत मुख्य रूट पर 100 से ज्यादा विसर्जन कुंड बनाए जाएंगे।

**शाम को निकलेगा सामूहिक जुलूस:** हिंदु उत्सव समिति के संतोष साहू ने बताया, शाम 6.30 बजे से सेंट्रल लाइब्रेरी के पास से सामूहिक विसर्जन जुलूस शुरू होगा, जो इतवारा, मंगलवारा, हनुमानगंज, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, सोमवारा होते हुए कमलापति घाट पहुंचेगा। जुलूस में करीब 200 झांकियां शामिल होंगी।

### विसर्जन घाटों पर चाक चौबंद व्यवस्थाएं, शाम से निकलेंगे जुलूस

### कॉलोनियों में भी छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन कुंड

### आज ऐसी रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

मुख्य चल समारोह भारत टाकीज तिराहा से शुरू होगा, जो सेन्ट्रल लाइब्रेरी, इतवारा चौराहा और जनकपुरी होते हुए पीरगेट, रेतघाट और कमला पार्क से होकर कमलापति घाट पर समाप्त होगा। साथ ही कुछ झाकियां पालिटेक्निक चौराहा से डिपो चोराहा, 25 वीं वाहिनी के सामने भदभदा तिराहा होकर प्रेमपुरा घाट विर्सजन में विसर्जित की जाएंगी। इस दौरान शहर में सभी प्रकार के भारी वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। शाम पांच बजे से भोपाल टाकीज चौराहे से भारत टाकीज तिराहे तक सभी चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। वहीं शाम छह बजे से मंगलवारा थाना तिराहा से बस स्टेण्ड के मध्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

**पूजन सामग्री से बनेगी खाद:** पूजा के दौरान निकलने वाली निर्माल्य सामग्री (फल, फूल, नारियल आदि) को पानी में प्रवाहित नहीं करेंगे। विसर्जन घाटों पर ही अलग से व्यवस्था रहेगी। निगमकर्मी इन्हें घाटों पर ही इकट्ठा करेंगे। करीब 60 टन निर्माल्य निकलने का अनुमान है। फूल-मालाओं से जैविक खाद बनाई जाएगी। मंगलवारा पहुंचने पर सेन्ट्रल लाइब्रेरी, छावनी रोड एवं बुधवारा से कोई भी वाहन इतवारा की ओर नहीं जा सकेंगे।

## झांकी के पंडाल में पिता को लेने पहुंचे 12 साल के बच्चे को लगा करंट, मौत

### - बिलखिरिया स्थित शुभ ईस्टर कॉलोनी, पटेल नगर में हादसा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित शुभ ईस्टर कॉलोनी पटेल नगर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात गणेश जी की झांकी के पंडाल में करंट लगने से 12 साल का किशोर झुलस गया। परिजन और झांकी में मौजूद लोग उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मानव उर्फ मोहित रघुवंशी पिता सुरेंद्र रघुवंशी (12) शुभ ईस्टर्न कॉलोनी, पटेल नगर, बिलखिरिया में रहता था। उसके पिता सुरेंद्र रघुवंशी शासकीय स्कूल में शिक्षक है और खेती किसानी भी करते हैं। सुरेंद्र ने बताया कि उनकी कॉलोनी में मोहल्ले के लोगों ने गणेश जी की झांकी बनाई है। झांकी में रविवार रात सुंदरकांड का आयोजन किया गया था। रविवार रात वह झांकी में चल रहे सुंदरकांड में शामिल होने गए थे। रात करीब दो बजे मां ने पिता को बुलाने मानव को झांकी पंडाल में भेजा। मानव झांकी पंडाल में पहुंचा और पंडाल के लिए लगाए गए पाइप के संपर्क में आ गया। पाइप में करंट था और उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। वहां मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते मानव बुरी तरह से झुलस गया था। उसे एम्स ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मानव छठवीं कक्षा में पड़ता था।

## दिग्विजय सिंह को झूठों का मुखिया घोषित करे कांग्रेस

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में झूठ बोलने वालों की कमी नहीं है। दिग्विजय सिंह ने तो कोई कसर नहीं छोड़ी। अब तक तो वह झूठ ही बोलते थे अब लगता है कि वह झूठ खाने भी लगे हैं। उन्हें तो कांग्रेस में झूठ बोलने वाली सेल गठित कर उसका राष्ट्रीय मुखिया बना देना चाहिए। उन्होंने

### जीतू पर भी कसा तंज, बोले- अपने क्षेत्र का प्रत्याशी नहीं जिता पाए



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि वह बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, भाजपा के कार्यकर्ताओं व सरकार की मेहनत पर पानी फेरने की असफल कोशिश करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वह जिस क्षेत्र में रहते हैं, वहां के प्रत्याशी को हाल में हुए चुनाव में नहीं जीता पाए। यह बात उन्होंने मप्र में अपराध कम होने संबंधी दावों के बाद कांग्रेस के आरोपों को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे सवालों के जवाब में कही।

### राहुल, प्रियंका से पूछे सवाल

वीडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से सवाल पूछे। उनका कहना था कि जोबट के कांग्रेस विधायक के बेटे द्वारा एक बहन को प्रताड़ित किया। इस मामले में विधायक के बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। बड़ा मलहरा के कांग्रेस विधायक के भाई ने एक सेन समाज के भाई के साथ मारपीट की, प्रताड़ित किया। क्या कांग्रेस के नेता इन घटनाओं पर कुछ बोलेंगे।

## हारी हुई अल्पसंख्यक बाहुल्य सीटों पर भाजपा का जोर, भोपाल मध्य पर झोंकी ताकत

### ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर आने वाले प्रत्येक चुनावों को जीतना चाहती है पार्टी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।




सदस्यता अभियान में भाजपा का प्रदेश में हारी हुई उन अल्पसंख्यक बाहुल्य सीटों पर है जहां कांग्रेस का कब्जा है। भोपाल की मध्य विधानसभा इस समय भाजपा के लिए सबसे बड़ा टारगेट बताया जा रहा है। जिसमें पार्टी के प्रदेश शीर्ष नेतृत्व ने पूरी ताकत झोंक रखी है। यहां घर-घर तक भाजपा ने जुड़ाव पैदा करने का जंबो प्लान बनाया है। इसको लेकर सोमवार प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया है। वीडी ने कहा कि जिन बूथों पर हारे हैं, वहां चार गुनी मेहनत के साथ काम करें। पूरी ताकत झोंक दें। जिन गली-मोहल्ले, झुग्गी बस्तियों में सदस्य नहीं है, वहां पहुंच बनाएं, नहीं तो हवा निकल जाएगी। जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी का जिक्र करते हुए कहा कि मध्य विधानसभा एक ऐसी सीट है, जिसे हर हाल में जीतना है इसलिए सदस्यता अभियान वाले अंतिम दिन उक्त सीट पर रिकार्ड सदस्य बनाए। यह काम सभी मिलकर करें।

### मंदसौर जिला व इंदौर-1 विस ने मारी बाजी- 40 लाख 92 हजार 401 सदस्य बने

भाजपा के लिए सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले जिलों में मंदसौर और विधानसभाओं में इंदौर-1 ने बाजी मारी है। जिलों में इंदौर नगर, अशोकनगर, इंदौर ग्रामीण, उज्जैन नगर, भोपाल नगर, जबलपुर नगर, भोपाल ग्रामीण, पन्ना एवं आगर भी टॉप-10 की सूची में है। विधानसभाओं में भोपाल की जिस मध्य विधानसभा में भाजपा हारी है वह सर्वाधिक सदस्य बनाने वाली विस में चौथे नंबर पर रही है। जबकि इंदौर-1 पहले, मल्हारगढ दूसरे, इंदौर-2 तीसरे, अशोकनगर पांचवे, गरोठ छठवे, आगर सातवें, मंदसौर आठवे, जबलपुर कैंट नौवे और नर्मदापुरम 10वें पायदान पर रही है। अब तक 40 लाख 92 हजार 401 सदस्य बनाए हैं।

**मेट्रो एंकर** विसर्जन घाट पर नगर निगम ने तैयारी पूरी की

## अंतिम समय में सुध ली गड्ढों की, आज निकलेगा चल समारोह, ट्राले अंदरूनी इलाकों में नहीं जाएंगे

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

अनंत चतुर्दशी से एक दिन पहले सोमवार को चल समारोह मार्ग (मेन रोड) के गड्ढे भरने का काम किया गया। देर रात तक मार्ग के गड्ढों पर पेच वर्क किया गया। चल समारोह से यातायात बाधित न हो पुलिस ने अंदरूनी इलाकों में डीजे और ट्रालों जाने पर रोक लगा दी है।

जोन स्तर पर हुई बैठक में गणेश प्रतिमा विसर्जन तक मेन रोड के गड्ढे भरने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ग्यारस तक गड्ढे न भरने के बाद मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठे तो विसर्जन से एक दिन पहले 16 सितंबर को रात तक गड्ढे भरे गए। हालांकि घाट पर नगर निगम की व्यवस्था डोल ग्यारस पर चाक चौबंद नजर आई थी। छोटी प्रतिमाओं को विडों से लेकर नगर निगम कर्मी विसर्जित की थी। क्रेन, जेसीबी मशीन, लाइट व अन्य व्यवस्थाएं अनंत चतुर्दशी के दिन मंगलवार का भी रहेंगी।



**ट्राले अंदर नहीं जाएंगे:** बीते साल अंदरूनी इलाकों में ट्राले से निकलने वाली झांकिया और डीजे के कारण यातायात में परेशानी होने और बिजली के तार टूटने अंधेरा होने से इस बार हालात न बने पुलिस ने पहले ही तय कर दिया है कि ट्राले और डीजे कुटिया के पास निकलेंगे। अंदर गलियों में नहीं जाएंगे।

**यह व्यवस्था रहेगी:** चल समारोह मार्ग को बेहतर यातायात के लिए पुलिस तैयार करेगी। मुख्य मार्ग पर बेरिकेटिंग कर रोड़ को डिवाइड किया जाएगा, जिससे वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सके। झांकियां एक कतार से निकले ऐसी व्यवस्था की जाएगी। एक के पीछे एक झांकी चलेगी।

**स्वागत मंच बनेंगे:** चल समारोह में शामिल झांकियों के स्वागत के लिए आधा दर्जन से अधिक स्वागत मंच बनाए जाएंगे। इन मंचों से झांकी समितियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। स्वागत मंच सड़क के किनारे बनाए जाएंगे।

## सबधाणी कोचिंग मॉक टेस्ट में अव्वल स्टूडेंट्स को किया गया पुरस्कृत

### दो माह से सबधाणी कोचिंग में चल रहे हैं टेस्ट

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

बैंक, एसएससी, रेलवे और एनटीपीसी, एसएससी जीडी की तैयारी करने वालों स्टूडेंट के लिए सबधाणी कोचिंग में बीते दो महीने से मॉक टेस्ट चल रहे हैं, इसमें 19 जुलाई को एसएससी-सीजीएल का टेस्ट, 03 अगस्त को बैंक-पीओ का टेस्ट, 28 अगस्त को एसएससी-सीएचएसएल का टेस्ट, 12सितम्बर को बैंक-क्लर्क का टेस्ट हुआ और 24 सितम्बर को एसएससी का टेस्ट होने वाला है। इसमें सभी को पहले टेस्ट में स्मार्ट वॉच प्राइज मिला, दूसरे टेस्ट में थर्मस प्राइज मिला, तीसरे टेस्ट में वर्ल्डी ग्लोबल प्राइज मिला। चौथे में ब्लू टूथ इयरफोन मिलेगा, पांचवें में स्टेडी टेबल मिलेगा। अभी तक जो तीनों टेस्ट हुए हैं उसमें स्मार्ट वॉच देवांश, आदर्श शर्मा, सक्षम सक्सेना, आदित्य् राज मीना, अंकिशा खरे, थर्मस प्राइज इशिका गुप्तां , भाग्या मनहर, सपना धंधे, अनिमेश रावल, राजा बंसल),



वर्ल्ड ग्लोबल देवांश, योगेश धुर्वे, अमन मीना, अनुज यादव, मनीशा चौधरी। विजेताओं को सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टरर आनंद सबधाणी ने बधाई दी। इन सभी प्राइज प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सबधाणी कोचिंग इंस्टीटयूट के आनंद सबधाणी और बताया की आगे आने वाले एग्जाम के लिए भी सबधाणी कोचिंग में टेस्ट जारी रहेंगे। टेस्ट में रीजनिंग, मैथमेटिक्स, जनरल नॉलेज,और इंग्लिश एसएससी के लिए और रिजनिंग, मैथ, इंग्लिश, बैंक के लिए पूछा जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा 2024
17 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



अपनी दृढ़ता एवं प्रखर नेतृत्व क्षमता से भारत को नयी ऊंचाइयां देने एवं 140 करोड़ देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने वाले...

यशस्वी प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

के जन्मदिवस पर कृतज्ञ मध्यप्रदेश की ओर से

## हार्दिक शुभकामनाएं

"स्वच्छता का जो आंदोलन शुरु हुआ, अब वह एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर आ पहुंचा है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि राष्ट्र का हर तबका, हर संप्रदाय, हर जाति, हर उम्र के मेरे साथी इस महाअभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को समर्पित

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत

"51,000 आवासों का गृह प्रवेश"

एवं

"प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0" का शुभारंभ

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का 50 चिकित्सालयों में शुभारंभ

प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना अंतर्गत निकायों एवं बैंकर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए PRAISE अवॉर्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

17 सितम्बर, 2024 | पूर्वान्ह 10:30 बजे | कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

D-11064/24

आइये सहभागी बनें

- स्वच्छता मित्रों का सम्मान कार्यक्रम
- 117 पर्यटन ग्राम, 710 नर्मदा तट के ग्रामों के 70,000 सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रमों के माध्यम से की जायेगी साफ-सफाई
- जनभागीदारी से वृहद स्तर पर सफाई अभियान, सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविरों का आयोजन
- अभियान अवधि में 18,000 लक्षित इकाइयों को पूरी तरह स्वच्छ बनाया जायेगा
- स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैली, मोहल्ला सभा, स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिताएं, 3-आर गतिविधियां (Reduce, Reuse, Recycle), एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

अकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

मुख्यमंत्री से जुड़ने के लिए स्कैन करें

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

## संपादकीय

# चीतों की चिंता में आशियाने

मप्र में अमल में लाई गई चीता परियोजना को अन्य राज्य में भी लागू करने की तैयारी हो रही है। दरअसल यह केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। दो वर्ष पहले नामीबिया से आठ चीते लाकर मध्यप्रदेश के कूनो उद्यान में छोड़े गए थे। इस तरह करीब अस्सी वर्ष बाद फिर से चीतों को भारत में बसाने की पहल शुरू हुई थी। हालांकि तब काफी आशंकाएं जताई गई थी कि भारत की जलवायु चीतों के अनुकूल नहीं है और शायद वे ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाएंगे। मगर अब वे आशंकाएं काफी हद तक निर्मूल हो चुकी हैं। इस?लिये नामीबिया के एक वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका से बारह चीते मंगाए गए थे। हालांकि इस बीच आठ चीतों ने दम तोड़ दिया, पर बचे हुए चीतों ने सत्रह शावकों को जन्म दिया, जिनमें से बारह जीवित हैं। स्वाभाविक ही इससे उत्साहित होकर सरकार ने अब केन्या से चीते लाने का समझौता किया है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या प्रशासन से इस पर मंजूरी का इंतजार है। केन्या से लाए जाने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बन रहे प्रजनन केंद्र में बसाने की योजना है। हालांकि मप्र में भी चीतों के लिए कूनो के अलावा एक अन्य बसाहट भी देखी जा रही है। ऐसा नहीं कि चीतों को बसाने की कोशिश इससे पहले नहीं हुई। अंग्रेजों के शासन में भी इसके प्रयास हुए, मगर यहां की जलवायु और शिकारियों पर अंकुश न लग पाने की वजह से चीतों का कुनबा बढ़ नहीं पाया। अच्छी बात है कि अब कूनो उद्यान में चीतों का परिवार बढ़ रहा है। उनकी संख्या पच्चीस हो गई है। हालांकि योजना थी, चीतों को कूनो में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाना था, मगर उनमें बीमारियों और शिकारियों आदि के भय से उन्हें अभी तक पिंजरों में ही कैद रखा गया है। उनमें से केवल एक चीता बाहर है। दरअसल, कूनो उद्यान के चीतों में कई बार बीमारियों का प्रकोप देखा गया है, इसलिए उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। पर इस तरह अभयारण्य और चिड़ियाघर में अंतर नहीं रह जाता। गुजरात के नए बन रहे प्रजनन केंद्र में भी अगर उन्हें पिंजरे में रखना पड़ा, तो उनके स्वाभाविक जीवन को लेकर दावा करना मुश्किल होगा। इसीलिये यह अपेक्षा अभी पूरी नहीं हुई है कि चीते खुले में कुलांचें भरेंगे और लोग उन्हें अपनी स्वाभाविक जीवन-शैली में देख सकेंगे, जबकि कूनो अभ्यारण्य के पास कई पर्यटन गतिविधियां शुरू कर दी गई थी कई लोगों ने यहां पर्यटकों के जमावडे के चलते निवेश की भी तैयारी कर रखी थी लेकिन अभी उस तरह का माहौल नहीं बन पाया है लेकिन यह भी जरूरी है कि चीतों को भारत की आबोहवा रास आ जाए। जैसी कि विशेषज्ञ भी कहते हैं कि ऐसे मामले में दूसरी तीसरी पीढी ही सही तरीके से किसी अन्य देश की आबोहवा से तालमेल बैठाकर वहां की स्थाई सदस्य बन सकती है। इसीलिये कूनो में चीतों के नए शावकों के व्यस्क होने व तीसरी पीढी के आने तक सतर्कता की बहुत जरूरत है लेकिन इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि टाइगर स्टेट की पहचान बना चुके मप्र में बाघों की देखभाल के भी हरसंभव जतन हों,उनकी स्वभाविक मौतों के मामले को छोड़कर किसी अस्वाभाविक मौत मसलन शिकार आदि पर सख्त अंकुश रखा जाए। किसी राज्य के लिए फिलहाल तो यह अदुभत ही है कि वह चीता स्टेट भी है और टाइगर स्टेट भी।

---

घृणा को घृणा से खत्म नहीं किया जा सकता है, बल्कि इसे प्रेम से ही खत्म किया जा सकता है।

– गौतम बुद्ध

## आज का इतिहास

- 1180-फिलिप अगुस्टस फ्रांस का राजा बना।
- 1615-इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के एंबेसडर थामस रॉ जहाँगीर से मिलने सूरत पहुँचा।
- 1806-अंग्रेजों ने ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
- 1809-लंदन में रॉयल ऑपिरा हाउस खुला।
- 1851-न्यूयार्क टाइम्स अख़बार ने प्रकाशन शुरू किया।
- 1906-भारतीय हास्य कवि काका हाथरसी का जन्म।
- 1922-हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
- 1926-अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत।
- 1950-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शबाना आज़मी का जन्म।
- 1957-लोकसभा की प्रथम महिला महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव का जन्म।
- 1958-भारत रत्न सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी और शिक्षा शास्त्री भगवान दास का निधन।
- 1967-नागालैंड ने अंग्रेज़ी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
- 1986-मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान उड़ाया।
- 1987-अमेरिका और सोवियत संघ ने मध्यम दूरी के मिसाइल को हटाने के लिये हस्ताक्षर किये।
- 1988-बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
- 1997-अमेरिका ने'होलोग'नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1998-अमेरिका के ऊपर संयुक्त राष्ट्र का एक अरब डॉलर बकाये की घोषणा।
- 2002-मराठी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार शिवाजी सावंत का निधन।
- 2004-ढाका-अगरतला बस सेवा शुरू।
- 2006-रूसी राकेट सोयूज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना।
- 2007-कनाडा में 1960 के दशक में जीवाश्म की खोज से तहलका मचाने वाले भारतीय जियोलॉजिस्ट जी.बी. मिश्रा को विशेष सम्मान से नवाजा गया।
- 2008-शोभना भरतिया एच.टी. मीडिया की अध्यक्ष नियुक्त हुई।
- 2009-भारत ने लद्दाख क्षेत्र में अपनी एक और हवाई पट्टी खोली।
- 2016-जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें कई जवान शहीद हो गए थे।

## निशाना

### आ गई वो बेला !



- कृष्णेन्द्र राय

हैं सारे सतर्क ।
भर रहे ललकार ।।
देखते हैं कितना ।
हो पाता उद्धार ।।
आ गई वो बेला ।
हुआ जिसका इंतज़ार ।।
मन ही मन पहनने को ।
हैं आतुर अब हार ।।
भले हो जग हंसाई ।
चलते हर पल चाल ।।
हैं लगते तैयार ।
करने को बवाल ।।
पर फैसला जनता का ।
क्यों नहीं स्वीकार ।।
पर लगता है जल्द ही ।
होंगे सब फरार ।।

---


## आतंकी साजिशों से संकट में भारतीय रेल

# यह राजनीति नहीं बल्कि एकजुटता का समय

■ विनोद पाठक

12 सितंबर को यानी की ठीक 187 वर्ष पहले साल 1837 में भारतीय रेल की नींव पड़ी थी। मद्रास (अब चेन्नई) में भाप इंजन संचालित ट्रेन चली थी। हालांकि, पहली सवारी गाड़ी साल 1853 में बॉम्बे-ठाणे के बीच चली। तब से लेकर आज तक भारतीय रेल ने सैकड़ों गुणा तरक्की की है। आज भारतीय रेल देश की %लाइफ लाइन% कही जाती है, जिसमें 22 हजार ट्रेनों में पौने तीन करोड़ से अधिक लोग रोजाना सफर करते हैं। भारतीय रेल देश को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक जोड़ती है। भारतीयों का अटूट विश्वास अपने रेल नेटवर्क पर है, लेकिन इन दोनों भारतीय रेल अपने इतिहास के सबसे बड़े संकट से गुजर रही है। यह संकट तकनीकी नहीं, बल्कि एक साजिश है। कुछ असामाजिक या कहें आतंकी तत्व भारत की 'लाइफ लाइन' को डिरेल करने की खतरनाक साजिश रच रहे हैं। विगत् 40 दिनों में 18 ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग राज्यों में रेलवे ट्रैक पर भारी वस्तु रखकर ट्रेनों को डिरेल करने की साजिश हुई। तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, राजस्थान से लेकर ओडिशा तक कई स्थानों पर रेल ट्रैक पर सिलेंडर, भारी सीमेंट स्लैब, लोहा आदि रखा मिला। ऐसी घटनाओं से यह आशंका और गहरी हो जाती है कि पिछले दिनों ट्रेनों के पटरियों से उतरने के पीछे तकनीकी कारण नहीं, बल्कि साजिश थी।

देश में रेल नेटवर्क की बात करें तो 1,32,310 किलोमीटर लंबा रेलवे ट्रैक भारत में बिछा है। यह भारत का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क बनाता है। इतने विशाल रेल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए अलग से फोर्स है, लेकिन एक-एक स्थान की चौकसी करना दुनिया के किसी भी देश के लिए संभव नहीं है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय रेल ने बहुत तेजी से विकास की रफ्तार पकड़ी है। पिछले 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर का नया ट्रैक बिछाया गया है। केंद्र सरकार के अनुसार वर्तमान में 4 किलोमीटर प्रतिदिन का ट्रैक देश में बिछाया जा रहा है। रेलवे का विद्युतीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। 95 प्रतिशत ब्रॉड गेज रूट्स का विद्युतीकरण कर दिया गया है।



देश में रेल नेटवर्क की बात करें तो 1,32,310 किलोमीटर लंबा रेलवे ट्रैक भारत में बिछा है। यह भारत का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क बनाता है। इतने विशाल रेल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए अलग से फोर्स है, लेकिन एक-एक स्थान की चौकसी करना दुनिया के किसी भी देश के लिए संभव नहीं है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय रेल ने बहुत तेजी से विकास की रफ्तार पकड़ी है। पिछले 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर का नया ट्रैक बिछाया गया है। केंद्र सरकार के अनुसार वर्तमान में 4 किलोमीटर प्रतिदिन का ट्रैक देश में बिछाया जा रहा है। रेलवे का विद्युतीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। 95 प्रतिशत ब्रॉड गेज रूट्स का विद्युतीकरण कर दिया गया है।

देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में भारतीय रेल की अहम भूमिका है। जब भारतीय रेल इस तेजी से विकास कर रही है तो वो कौन से तत्व हैं? जो इस पर गिद्ध निगाह गड़ाए हुए हैं। कुछ विदेशी एजेंसियों और आतंकी संगठनों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए यह असामाजिक और आतंकी तत्व आम भारतीयों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। आए दिन ऐसी घटनाएं होंगी तो जनता के मन में भय आना स्वाभाविक है।

हालांकि, सरकार अब पहले से ज्यादा सतर्कता बरत रही है। ट्रेनों को बेपटरी करने की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने एआई संचालित 75 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। ये सीसीटीवी कैमरे कोच के अलावा लोको पायलट को सतर्क करने के लिए लोकोमोटिव (इंजन) में भी लगाए जाएंगे, जो पटरी पर संदिग्ध वस्तुओं का पता लगाकर ड्राइवर को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए सचेत करेंगे। कुल मिलाकर रेलवे 40,000 कोच, 14000 लोकोमोटिव और 6000 ईएमयू को एआई संचालित सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की योजना बना रही है।

निश्चित रूप से यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वो ट्रेनों को डिरेल करने की साजिश करने वाले आतंकी तत्वों को चिन्हित कर कड़ी सजा दे। हालांकि, इतने बड़े नेटवर्क पर हर एक स्थान पर नजर बनाए रखना सरकार या सुरक्षा एजेंसी के लिए संभव नहीं है। यहां जिम्मेदारी समाज की भी है। रेलवे ट्रैक के आसपास रहे लोगों का दायित्व है कि वो ऐसे तत्वों को लेकर सतर्क रहें।

अपने बीच ऐसे तत्वों को पहचानें, जो देश की संपत्ति और लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे संकट के समय में राजनीतिक दलों को भी एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है। राजनीति से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत है। तकनीकी कारणों से दुर्घटनाओं पर सरकार की आलोचना सही है, लेकिन जानबूझकर ट्रेनों को डिरेल करने की साजिश पर विपक्ष का मौन सही नहीं है। आखिर भारतीय रेल किसी सरकार या पार्टी विशेष की न होकर देश की आन-बान-शान है। राष्ट्रीय धरोहर है।

-साभारः यह लेखक के विचार हैं।

---

# सुनहरे सपनों के लिए विदेश गमन का मोह

■ सुरेश सेठ




भारत की युवा आबादी पूरी कार्यशील आबादी का आधा हिस्सा है। 'कार्यशील' इसलिए क्योंकि देश में एक बड़ी संख्या ऐसी है जो सकल घरेलू उत्पाद में योगदान नहीं देती। देश की आधी आबादी महिलाएं हैं और आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि हम उनकी क्षमताओं का आधे से भी कम उपयोग कर रहे हैं। यदि हम इस शक्ति का प्रभावी ढंग से उपयोग करें, तो संभव है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने में बहुत कम समय ले। 35 साल तक की उम्र की आबादी देश की वह श्रेणी है जिसमें काम करने की पूरी सामर्थ्य होती है। लेकिन इस सामर्थ्य का उचित उपयोग देश में नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई बेरोजगारी एक ज्ञात समस्या है। जब नौजवान खेतों में काम करते हैं, तो इससे खेतों की कुल आय में कोई वृद्धि नहीं होती। इसका मतलब यह है कि अगर ये लोग खेतों को छोड़कर किसी अन्य व्यवसाय में चले जाएं, तो कृषि के स्तर पर कोई महत्वपूर्ण गिरावट नहीं आएगी। लेकिन सवाल यह है कि वे जाएं कहां?

देश में कोविड महामारी की मार से प्रभावित महानगरों की कामगार आबादी, जो गांवों में आश्रय खोजने आई थी, अब भी उसी तलाश में है। दावों के बावजूद, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में न तो लघु और कुटीर उद्योगों का विकास हुआ है और न ही फसलों के विनिर्माण की छोटी-छोटी फिनिश्ड पार्टिकल बनाने वाली फैक्ट्रियां कस्बों में स्थापित हो पाई हैं। डिजिटल भारत के युग में निवेशकों की अपेक्षाएं इतनी बदल गई हैं कि विश्वविद्यालयों से पारंपरिक शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा खुद को बेकार महसूस करते हैं और उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा। जैसे-जैसे रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत में अपनी जड़ें जमा रही हैं, इस आबादी के लिए उचित रोजगार पाने में और भी कठिनाई होगी। अब नौजवानों का सपना विदेशी मुद्रा की चमकती धरती की ओर उड़ान भरना है। खाड़ी देशों के दीनार भी उन्हें लुभाते हैं। आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए वे इन देशों की ओर पलायन का सपना देखते हैं। इस बीच, कई एजेंसियां भारत में उभर आई हैं, जो वैध या अवैध तरीके से विदेश भेजने का दावा करती हैं।

पिछले साल से, कनाडा, जो विदेशों में सबसे बड़ा आश्रय देने वाला देश माना जाता है, ने भारत से पलायन करने वाले युवाओं के लिए अपनी नीतियों में बदलाव किया है। अब कनाडा में भारत से आने वाले छात्रों के लिए वीजा की संख्या 3.6 लाख तक सीमित कर दी गई है, और उनके आव्रजन की लागत भी बढ़कर 22-23 लाख रुपये से 37 लाख रुपये तक पहुंच गई है। इसके साथ ही, डिग्री पूरी करने के बाद छात्रों को अब वहां वर्क परमिट के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। चाहे यह सूचना पुष्ट हो या अपुष्ट, वास्तविकता यही है कि इंग्लैंड, अमेरिका, और कनाडा अभी भी भारतीय युवाओं के पलायन के लिए सबसे आकर्षक स्थल माने जाते हैं। जबकि वैध तरीके से जाने की प्रक्रिया कठिन होती जा रही है, अवैध तरीके से पलायन करने वाले 'डंकी रूट' तेजी से बढ़ रहे हैं।

पिछले दिनों दावा किया गया कि दिसंबर, 2023 से अब तक 5,000 से अधिक भारतीय अवैध रूप से कनाडा की सीमा पार करके अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं। अमेरिका की बड़ी सीमा दो प्रमुख स्थानों पर है—एक मैक्सिको के साथ और दूसरी कनाडा के साथ। कनाडा की सीमा लगभग 9,000 किलोमीटर लंबी है, और इतनी लंबी सीमा पर आव्रजन को पूरी तरह से नियंत्रित करना मुश्किल होता है। इसके विपरीत, मैक्सिको की सीमा इसके आधे आकार की है। यही दो सीमाएं हैं जहां अवैध प्रवासन के 'डंकी रूट' प्रचलित हैं। कोशिश यही है कि वहां अवैध तरीके से काम करके धीरे-धीरे वर्कफोर्स में शामिल हो जाएं। अमेरिका में उद्यमियों को ऐसे कार्यबल को बहुत कम दाम पर काम पर रखना लाभदायक होता है, जिससे उनके लिए यह एक आकर्षक विकल्प बन जाता है।

शरण मांगने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि देखी जा रही है। 2022 से इंग्लैंड में शरण मांगने वालों की संख्या 136 प्रतिशत बढ़ गई है, और 2023 में 1,319 अन्य नागरिकों ने शरण मांगी, जो सभी कनाडा से ट्रांजिट कर अमेरिका पहुंचे थे। ये सभी अवैध तरीके से विदेशी जमीन पर अपने ठिकाने की तलाश में हैं। दरअसल, यह कड़वा सच दिखाता है कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दर के बावजूद, युवाओं को ठिकाना नहीं मिल रहा है। सम्मानजनक रोजगार की कमी ही वह कड़वा सच है जो हमारे युवाओं को रोजगार का विदेशों में ठिकाना खोजने को मजबूर कर रहा है। विश्व के कई देशों ने अपनी आव्रजन नीतियां सख्त कर दी हैं, लेकिन अवैध घुसपैठ का यह नया धंधा, जो विदेशी सरहदों से दूसरे देशों में जा रहा है, भारत की छवि को धूमिल करता है। साथ ही हमारे आर्थिक संघर्ष पर सवाल उठाता है। आत्मनिर्भरता का दावा तब पूरा होगा जब हम अपनी युवा शक्ति को उसकी क्षमताओं के अनुसार सम्मानजनक रोजगार प्रदान कर सकें।

-साभर

# आदर्श आवासीय विद्यालय तवा नगर में भूतपूर्व छात्रों का मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

आदर्श आवासीय विद्यालय जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित है जिसमे सभी छात्र आवासीय परिसर में रहकर अध्ययन करते हैं। आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना सन् 1986 के बाद विद्यार्थियों का प्रथम बैच सन 1989 में 12 वी परीक्षा उत्तीर्ण किया और अलग-अलग क्षेत्रों में 1989 के बाद विद्यार्थी जो कि इस विद्यालय से पढ़कर निकले हैं जिनमें आईएस आफीसर , कृषि अधिकारी,डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक,लोको पायलट ,शिक्षा विभाग ,रक्षा विभाग, पुलिस विभाग,एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।आज 15 सितंबर को सभी भूतपूर्व छात्र आदर्श आवासीय विद्यालय में एकत्रित हुए विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों से प्रेरणा संवाद स्थापित किया साथ ही अपने गुरुजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने सहपाठियों से मिलना एवं गुरुजनों का सम्मान करना जिनकी शिक्षा से अच्छा मुकाम हासिल किया है।

आज के कार्यक्रम में 245 से अधिक पूर्व छात्र सम्मिलित हुए एवं 20 से अधिक पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों का सम्मान किया एवं वर्तमान में अध्यनरत छात्रों को प्रोत्साहित किया सभी छात्रों ने अपना परिचय देते हुए बताया की किस तरह उन्होंने अपने विद्यालय दिवसों में पढ़ाई की थी जितनी अच्छी व्यवस्थाएं अब हैं उसे समय इतनी अच्छी व्यवस्थाएं नहीं हुआ करती थी विद्यालय का भवन नहीं हुआ करता था छात्रावास भवन नहीं था छोटे-छोटे क्वार्टर में छात्रावास था एवं वर्तमान में अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में विद्यालय लगता था आज शासन की जनजाति छात्रों हेतु चल रही योजनाओं का लाभ लेकर आप अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं

## धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस




**नर्मदापुरम।** इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद सहब के जन्मदिन के मौके पर शहर में हर साल की तरह इस साल भी जुलूस निकाला गया. जुलूस सानी जामा मस्जिद बालागंज से शुरू होकर हर मोहल्ले के जुलूस जयस्तम्भ चौक पर एकत्रित होकर निकले. मेनबोर्ड स्कूल, सराफा चौक ,फाजिल मंजिल, गांधी पार्क, हीरो होंडा चौक,सतरस्ते एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो से होते हुए जुलूस उपभोक्ता भंडार पर समाप्त हुआ. उसके पश्चात बाहर से आए हुए उलमाओ द्वारा शहर व देश के अमन, चेन सुख समृद्धि के लिए दुआ मांगी गयी. शहर के वरिष्ठ नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा झांकी एवं बाईक सजाने वाले एवं अन्य कार्यों में हिस्सा लेने वालों को पुरस्कार वितरण किया गया। जुलूस में मुख्य रूप से शहर काजी अशफाक अली, हाफिज अब्दुल अलीम, फेजान उल हक, जब्बार खान,मुफ्ती शमीम अखतर,कारी ज़फीर, डा मुबीन खान ,हबीब खान,नवीद कुरेशी, मो आमिर, गुलाम मुस्तफा, फेज़ान खान ज़ाकिर खान, शेख इमरान, आदिल फाज़ली, राजा नफीस ,असद वेग, पप्पू जादूगर, हसीब खान, शाकिर खान आदि उपस्थित रहे।

### व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

# गणेश प्रतिमा विसर्जन कुंड व सेठानी घाट में विसर्जन स्थल का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने सोमवार को हर्बल पार्क पहुंचकर वहां अस्थाई रूप से बने विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया। विसर्जन कुंड में मंगलवार को शहर की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। कलेक्टर ने विसर्जन कुंड में पर्याप्त पानी भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों से छोटी-बडी गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए आएंगी अतः विसर्जन के दौरान सभी चॉक चौबंद व्यवस्थाएं रखी जाए। उन्होंने कहा कि विसर्जन व्यवस्था सुचारू रूप से हो एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने स्थापित गणेश प्रतिमा तथा विसर्जन कुंड का विधि विधान से पूजन अर्जन किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तत्पश्चात सेठानी घाट पहुंचकर विसर्जन व्यवस्था का जायजा लिया। बताया गया कि सेठानी घाट में ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विसर्जन के दौरान घाट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित ना हो। उन्होंने ने जिला कमांडेंट होमगार्ड को पर्याप्त संख्या में होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सेठानी घाट पर अनावश्यक भीड़ ना बढ़े, भीड़ पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डीके सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेशवरी पटले, एसडीओपी पराग सैनी, डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**सिवनी मालवा।** नगर के हर वार्ड में गणेश जी स्थापना की गई है आज उनका विसर्जन का दिन है जो गणपति बप्पा मोरया अगली बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ किया जाएगा। इसी के चलते इस बार गणेश उत्सव मनाते छोटे-छोटे बच्चों मैं बढ़-चढ़कर भाग लिया। इधर बाल गणेश मंडल स्टेट बैंक कॉलोनी में विराजे विघ्नहर्ता गणेश जी तो उधर वार्ड नंबर 10 में विराजे बाल गणेश मंडल के गणेश जी मनमोहन प्रतिमा

## नर्मदांचल के एकमात्र बालाजी गणेश ने मोहा नागरिकों का मन

**इटारसी।** गणेश उत्सव के दौरान देश प्रदेश में श्री गणेश के भक्तों ने उनके विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाओं की स्थापना की, जिनका पिछले 10 दिनों से विधिवत पूजन-पाठ किया जा रहा था। इसी श्रृंखला में इटारसी के सातवीं लाइन में उज्जवल सेवा समिति द्वारा 26 वर्ष में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई इस वर्ष की प्रतिमा बालाजी श्री गणेश की झांकी को प्रदर्शित करते हुए स्थापित की गई जिसने नागरिकों का मन मोह लिया। समूचे नर्मदांचल में यह एकमात्र बालाजी स्वरूप में विराजित गणेश प्रतिमा है। श्री गणेश के बालाजी स्वरूप का समिति के सदस्यों ने गणेश चतुर्थी के बाद से ही विधि विधान से सुबह-शाम पूजन अर्चन किया रविवार रात पंडाल के समक्ष श्री श्याम बाबा के भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक श्रद्धालु पहुंचे वहीं सोमवार को बालाजी गणेश की महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों लोग सम्मिलित हुए। समिति के सेवादार आशीष सेन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान श्री बालाजी गणेश का हवन एवं दोपहर में भंडारा आयोजित किया गया है जिसमें सभी धर्म प्रेमियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

## श्याम बाबा का कीर्तन, जमकर नाचे भक्त, पुष्पों से बाबा का श्रंगार

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार की रात को मालवीयगंज में मालवीय परिवार ने श्याम कीर्तन का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर दरबार सेवा आचार्य पंडित मयंक दुबे, अंकित राठौर ने की। बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित की और पुष्पों से बाबा श्याम के शीश का श्रृंगार किया। कार्यक्रम स्थल पर सुगंधित इत्र भी अर्पित किया गया।

श्याम कीर्तन में भजनों का आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,' 'लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा,' और 'गणेश वंदना' जैसे भजनों की प्रस्तुति शामिल थी। श्याम कीर्तन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, मातृशक्ति, युवा, बुजुर्ग, और बच्चे अंत तक उपस्थित रहे।

आयोजक पुनीत राज मालवीय, पुष्कर राज मालवीय और विश्वराज मालवीय ने बताया कि कीर्तन ग्रुप संचालक भानू राठौर सुखतवा ने देर रात तक भजनों से भक्तों को भक्ति में सराबोर करके रखा। पार्षद कन्हैयालाल मिहानी ने बाबा की ज्योत के दर्शन किये और मालवीय परिवार को धार्मिक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। श्री किशन म्यूजिक ग्रुप के कलाकार उमेश कुशवाह, किशन कुशवाह, विशाल, भजन गायक पूनम खातरकर सारणी, सतीश बाथम खंडवा तथा सीताराम मायावी इटारसी थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल द्वारा बनाए गए नए सदस्य



**सिवनी मालवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे नए सदस्यता अभियान 2024 पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा नगर और वार्ड वार्ड में घूम कर नए सदस्य बनाए जा रहे हैं इसी क्रम अनुसार युवा मोर्चा नगर मंडल द्वारा वार्ड नंबर एक और हरबंस चौकी में नए सैकड़ो सदस्य बना कर सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें विशेष रूप से वार्ड नंबर एक पार्षद अखिलेश खेम चंद चौकसे युवा मोर्चा नगर मंडल प्रभारी सूरज मिश्रा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कल्लू राठौर , नगर उपाध्यक्ष सुजीत यदुवंशी,अतुल बकोरिया नगर मंत्री द्रविड़ पांडे एवं युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम को समर्थन मूल्य पर 6000 रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन,2500 रुपए प्रति क्विंटल मक्का एवं 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की मांग को लेकर पीपल चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक हाथों में तख्तियां लिए एवं हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते जैसे नारे लगाते हुए रैली निकाल ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमे संगठन मंत्री दिनेश शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दिवान, ओमप्रकाश उपाध्याय मनमोहन व्यास, जगदीश पाटिल उदय पांडे जिला नर्मदापुरम अध्यक्ष ओमकार भदौरिया, जिला मंत्री शंकर सिंह पटेल नर्मदापुरम से शरद पटेल मंत्री लाला पटेल,तहसील सिवनी मालवा अध्यक्ष रामेश्वर जाट मंत्री सोनू भदौरिया, डोलरिया अध्यक्ष बदामीलाल गौर मंत्री विनोद दुबे अलताप लौवंशी गुलाब लौवंशी, संतोष लौवंशी पवन बडकुड रोहित गौर, रितुराज लौवंशी, मनोज रघुवंशी पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।




**मेट्रो एंकर**

### लड़के और लड़की को फरार करने की बात को लेकर हंगामा

# होटल में प्रेमी के साथ युवती के होने की शंका पर परिजन पहुंचे होटल, तोड़फोड़ व मारपीट की

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



नगर के नर्मदापुरम हरदा मुख्य मार्ग पर स्थित एक होटल में एक प्रेमी युगल होटल में कमरा बुक कराने की शंका के चलते और उसी दौरान युवती के परिजन पीछा करते आ गए। इस दौरान प्रेमिका के स्वजन को इस बात की सूचना मिल गई, तो उन्होंने होटल में पहुंचकर संबंधित लड़की के बारे में पूछताछ की तो होटल वालों ने मना कर दिया। इसके बाद चौपाटी पर वहीं युवक युवती होटल की तरफ से आते हुए दिखे जिस पर परिजनों का आरोप था कि होटल संचालक ने हमें लड़की की जानकारी नहीं दी और लड़के और लड़की को फरार करवा दिया। इसी बात को लेकर हंगामा शुरू हुआ। होटल संचालक और लड़की के परिजन एक दूसरे से मारपीट और हंगामा करने लगे । परिजन होटल की तलाशी की बात पर और होटल संचालक तलाशी न देने की बात पर अड़े रहे। इसी बात पर से दोनो पक्ष मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंच गयी। सड़क के दोनों किनारे नागरिकों की भीड़ लग गयी थी। पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराने के बाद दोनों पक्षों को थाने ले आई। एक पक्ष को अधिक चोट आने पर उसका मेडिकल कराया और मामला जांच में लिया। नर्मदा पुरम हरदा मुख्य मार्ग स्थित होटल में रविवार शाम को एक प्रेमी युगल होटल में कमरा बुक कराने गए थे। इसी दौरान युवती के घर से निकलते ही उसके परिजन उसका पीछा करते हुए होटल तक पहुंच गए। युवती के परिजनों ने अचानक होटल में पहुंचकर तलाशी लेनी शुरू कर दी। होटल स्टाफ ने अचानक आए लोगों को रोकने के साथ ही तलाशी का विरोध किया। वाद-विवाद के बाद इतना हंगामा हुआ कि दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई और मारपीट हुई। होटल में हंगामे की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। दोनों पक्षों से बातचीत करने के बाद मामला शांत कराया। इसके बाद दोनो पक्षों को थाने लेकर आ गई। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि पूरे मामले में होटल संचालक की शिकायत पर तोड़फोड़ करनेवाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### होटल में चल रही है अवैध गतिविधियां

सिवनी मालवा के अधिकतर होटलों के कमरों में शाम के समय मयखाना बन जाता है शराब पीने वाले सुरा प्रेमी इन होटल के कमरों में रात को मयखाने के रूप में इस्तेमाल करते हैं। क्षेत्र के युवक युवती भी इन होटल का सहारा लेते हैं जिसमें यह खबर आम है और जान चर्चाओं का विषय तो यह भी है कि शहर के बीचों-बीच स्थित एक होटल इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है इन होटलो में हो रही अवैध गतिविधियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण आज इनके हौसले बुलंद हैं । पुलिस कप्तान सहित स्थानीय पुलिस को इस और ध्यान देने की अति आवश्यकता है नही तो किसी रोज कोई बड़ी घटना होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है

### किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

# रू. 3100 धान रू. 2700 क्विंटल गेहूं खरीदने का वादा पूरा करे सरकार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को तीन ज्ञापन सौंपे गए।ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम मुख्यमंत्री के नाम और स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाधीश के? नाम सौंपा गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख बिंदु सोयाबीन फसल की लागत देखते हुए समर्थन मूल्य पर ?6000 प्रति क्विंटल में खरीदा जावे एवं समर्थन मूल्य में जो मापदंड नमी दस प्रतिशत कि हैं उसको 15त्न किया जावे और वर्तमान जो मध्य प्रदेश की सरकार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व ?31सौ रुपए क्विंटल धान और 27 सौ रुपए क्विंटल गेहूं खरीदी का वादा किया था, वह किसानों से आज तक पूरा नहीं किया गया है. हमारे जिले में और प्रदेश के अन्य जिले में भी कई वर्षो से बासमती धान का उत्पादन किसानों द्वारा किया जा रहा है। उसको ध्यान में रखते हुए हमारे प्रदेश को जी आई टेग यानी बासमती उत्पादक प्रदेश का दर्जा दिया जाना चाहिए। स्थानीय समस्याओं में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी शेष रहे किसानों का भुगतान शीघ्र किया जावे। रवि फसल को ध्यान में रखते हुए रासायनिक खाद डीएपी एवं यूरिया का भंडारण सुनिश्चित किया जावे। जिले में प्रत्येक ग्राम में गौशालाओं का निर्माण कराया जावे। गौशालाओं में गोवंशों की रखने की क्षमता को बढ़ाया जाए। जिले के समस्त ग्रामों के चरणोंई भूमि पर से अतिक्रमण हटाकर सीमांकन किया जावे सन 2021 मे माखन नगर तहसील में अधिक वर्षा के कारण नदियों में बाढ़ आई थी। उसको लेकर शासन द्वारा मुआवजा राशि का वितरण किया गया था। उसमें दो पटवारी एवं तहसील में पदस्थ बाबू द्वारा अपने परिचितो के नाम पर दो और तीन बार राशि डाली गई है जो कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। उक्त प्रकरण तकरीबन ?85,0000 की राशि परिचितों के नाम पर डाली गई है।

## मानवता हुई शर्मसार : स्वास्थ्य विभाग बना रहा मूकदर्शक

# तड़पती रही प्रसूताएं, अस्पताल के गेट पर हो गया महिला का प्रसव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी की है जहां पर गोला खेड़ा निवासी मोकम सिंह अपनी बधु अनीता को प्रसव पीड़ा होने पर लटेरी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आते हैं। मेकम जैसे ही अपनी बधु को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं तो अनीता को असहनीय प्रसव पीड़ा होने लगती हैए इससे मेकम घबरा कर अपनी बहू को रोड पर अपने परिजनों के साथ छोड़कर अंदर हॉस्पिटल में सहायता के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं।लेकिन हॉस्पिटल में उस समय कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहता है। इधर अरविंद की पत्नी अनीता प्रसव पीड़ा से कराहती हुई हॉस्पिटल के गेट के सामने रोड पर ही गिर जाती है और उनका वहीं पर प्रसव हो जाता है।

### धरातल पर अफसरशाही हावी

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मध्यप्रदेश सरकार चाहे जितने दावे कर ले लेकिन धरातल पर उनके सारे दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। मध्य प्रदेश के अस्पतालों में सभी द्य जगह डॉक्टरों की भारी कमी है और जो भी डॉक्टर पदस्थ हैं। वे ईमानदारीपूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन नहीं कर रहे द्य हैं। धरातल पर अफसरशाही हावी हैए जनप्रतिनिधियों को इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए।

### स्टाफ पर पैसे मांगने के आरोप

रिश्वत के मामले में बीएमओ पहले से ही बदनाम हैं। एक झोलाछाप डॉक्टर ने बीएमओ पर रिश्वत लेंगे के आरोप लगाए हैं। इसी तरह आज हॉस्पिटल में उपस्थित महिला के परिजन एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हॉस्पिटल स्टाफद्वारा बिना पैसे लिए डिलेवरी नहीं की जाती है। जिन व्यक्तियों द्वारा पैसे दे दिए जाते हैं उनकी डिलेवरी करा दी जाती है और जिन लोगों द्वारा पैसे नहीं दिए जाते हैं उनको प्राइवेट हॉस्पिटलों के लिए अस्पताल स्टाफद्वारा रैफर कर दिया जाता है। इसकी खबर हम पहले भी छाप चुके हैं कि सरकारी अस्पताल की मिलीभगत से झोलाछाप डॉक्टरों के यहां डिलेवरियां कराई जाती हैं।



महिला की डिलेवरी हॉस्पिटल गेट के सामने किन परिस्थितियों में हुई है इसकी जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगाए उस पर कार्रवाई की जाएगी।
**– रोशन सिंह,** कलेक्टर विदिशा

### परिजन मांगते रहे मदद की भीख

महिला का प्रसव होने के बाद महिला गेट पर तड़पती रही। परिजन हॉस्पिटल स्टाफसे मदद की भीख मांगते नजर आए लेकिन उनकी मदद करने के लिए कोई भी डॉक्टर बाहर निकल कर नहीं आया। मीडिया के पहुंचने के बाद कुछ स्टाफबाहर निकलकर आया और महिला को पैदल ही अंदर ले जाने का प्रयास करने लगा। परिजनों की काफी अनुनय विनय के बाद स्टेचर मगाया गया और फिर महिला को अंदर हॉस्पिटल में ले जाया गया। साड़ियों की आड़ कर बचाया प्रसूता का सम्मानरू महिला का प्रसव हॉस्पिटल गेट के सामने खुले में हुआ था अमूमन सरकारी अस्पताल में हमेशा भीड़भाड़ रहती है इसलिएवहां पर खड़ी महिलाओं ने मानवता दिखाते हुए अपनी साड़ियों एवं चादरों से घेरा बनाकर प्रसूता के सम्मान को बचाया। लेकिन सिस्टम लापरवाह मूक दर्शक बना रहा। कलेक्टर को देना होगा ध्यान लटेरी हॉस्पिटल की इतनी स्थिति खराब है कि शायद जिले में किसी भी अस्पताल की हो यहां पर होने को तो चार.पांच एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ हैं लेकिन ड्यूटी टाइम सब गायब रहते हैं। अस्पताल में जगह.जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। कोई व्यक्ति चाहकर भी सरकारी अस्पताल अपना इलाज करने नहीं जाता क्योंकि अगर जाए भी तो उसे खाली हाथ लौटना पड़ता है।

### कलेक्टर के आदेश बीएमओ पर बेअसर

विदिशा कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर विभाग के जिलाधिकारियों सहित विभागीय अन्य अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देशित किया था कि विदिशा जिले में महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यानगत रखते हुए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में एक भी गर्भवती महिला की किन्ही भी कारणों से डिलेवरी घर अथवा रास्ते में नहीं होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी किस माह में होना संभावित है कि सूची संधारित कर उनसे महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण अमला सतत सम्पर्क में रहे और उनके घर वालो को आवश्यक टेलीफोन नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं ताकि लेबर पेन होने पर अविलम्ब वाहन की सुविधा उपलब्ध हो। कलेक्टर सिंह के निर्देश लटेरी बीएमओ पर बेअसर साबित होते दिखाई दे रहे हैं।

# अवैध अतिक्रमण पर नपा का चला बुलडोजर, पक्के चबूतरे तोड़े

## शहर में कई जगह है अतिक्रमण क्या बगैर शिकायत नपा नहीं कर सकती इन लोगों पर कार्रवाई ?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**


नगर में सरकारी जमीन पर अबैध रूप से कब्जा करके पक्के निर्माण भी किए जा रहे हैं। इसकी वजह रास्ते छोटे होते जा रहे हैं आने-जाने में भी लोगों को परेशानी हो रही थी इसी तरह का एक मामला वार्ड नंबर 20 में कार्तिक घाट पर जाने वाले रास्ते पर कई लोगों ने अवैध रूप से पक्के निर्माण करके रास्ते को छोटा कर दिया था और यहीं पर मवेशियों को उतारने का काम भी इसका व्यापार करने वालों के द्वारा किया जाता था इस वजह से आए दिन यहां पर आने जाने में परेशानी होती थी पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में जन निवारण शिविर में इन लोगों के द्वारा किया गया अतिक्रमण की शिकायत की थी इसके बाद विधायक ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सोमवार को नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू, नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना नगर पालिका की जेसीबी एवं अमले को लेकर मौके पर पहुंची और अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को तोड़ने का काम किया गया। जेसीबी से तोड़कर रास्ते को बराबर कर दिया इस दौरान कुछ लोग विरोध करने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने किसी की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अतिक्रमण से रास्ता चौड़ा कर दिया और पक्के चबूतरे भी तोड़ दिए गए। शहर में जगह-जगह लोगों ने बना रखे है चबूतरे- ज्ञात होकि शहर में कई गलियों एवं रोडों पर लोगों के कब्जे है अपने-अपने घरों के आगे अवैध रूप से लोगों ने रोड पर कब्जा कर रखा है परन्तु नपा के अधिकारियों का इस और ध्यान ही नहीं जाता लोग इन अतिक्रमण कारियों से परेशान तो है परन्तु इनकी शिकायत नहीं कर पाते क्यूंकि यह कब्जाधारियों से डरते है इनसे बुराई नहीं लेना चाहते पर प्रशासन तो कार्रवाही कर सकता है।

### एक प्रकरण में नगद इनाम की घोषणा

सिरोंज। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार आरोपियों के एक प्रकरण में सूचना देने वालो को नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि आरोपी उदयभान सिंह पुत्र रघुराज राजपूत निवासी उदयसिटी, अरिहन्त बिहार विदिशा, सत्तू उर्फ सतपाल पुत्र प्रेम सिंह राजपूत निवासी पीकलोन हाल कैलाश नगर, सेमरा भोपाल, प्रदीप पुत्र वीर सिंह राजपूत निवासी ग्राम जाठौदा थाना नटेरन जिला विदिशा, रघुराज सिंह राजपूत निवासी उदयसिटी, अरिहन्त बिहार विदिशा, शिवांग राजपूत निवासी उदयसिटी अरिहन्त बिहार विदिशा और पुष्पेन्द्र राजपूत निवासी रायपुरा बस्ती सांई मंदिर के पास विदिशा की सूचना देने वाले को एक-एक हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

# पुलिस हिरासत में मुल्जिम के साथ की मारपीट वीडियो सामने आने के बाद, अब होगी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



आज दौर में भी पुलिस की क्रूरता का चेहरा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मुगलसराय थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर दुर्गा शंकर माझी पर 326 के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी नर्मदा प्रसाद अहिरवार के साथ बुरी तरह से मारपीट करके गुप्तांगो में भी मारपीट की गई है। इसका वीडियो वायरल होने एवं उसकी पत्नी तर्जुबाई पति नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने एसडीओपी को आवेदन देकर उसके पति के साथ मुगलसराय थाने में पदस्थ एसआई दुर्गा शंकर मांझी पर बुरी तरह से मारपीट करके गंभीर चोटें पहुंचने का काम किया गया है। उन्होंने एसडीपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कर मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत और वीडियो सामने आने के बाद एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने पूरे घटनाक्रम से एसपी को अवगत कराकर मामले की जांच कर कर दोषियों पर अनुसात्मक कार्रवाई करने की बात कही है वही इस तरह की तस्वीर इंसानियत को भी शर्मसार करने वाली होती है इस तरह की मारपीट करने अनुमति कानून किसी को भी नहीं देता है जिस तरह की मारपीट वीडियो में दिखाई दे रही है। साथ ही उसकी पत्नी के आरोप सही है तो दोषी पुलिस कर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि दोबारा से इस तरह की तस्वीर सामने ना आ सके।

**इनका कहना है–**

वीडियो और शिकायत के बाद हमने पूरे मामले से एसपी महोदय को अवगत करा दिया गया है जांच के उपरांत दोषियों पर अनुसात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

**– उमेश कुमार तिवारी,** एसडीओपी

# गणेश उत्सव की धूम, आज होगा विसर्जन प्रशासन की तैयारी देखने पहुंचे अफसर, निकलेगा चल समारोह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले 10 दिनों से नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में गणेश उत्सव की धूम है एक से बढ़कर एक झांकी लगी हुई है केदारनाथ के मनमोहक दृश्य के पर बनाई गई झांकी में गजानंद जी विराजमान है यहां पर प्रतिदिन कार्यक्रम भी हो रहे हैं। शहर में 50 के करीब स्थान पर छोटी बड़ी प्रतिमाएं विराजमन है गणेश की अस्थाई पर भी भक्ति भाव के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहे हैं साथ ही घर-घर में गजानन की स्थापना की गई है पूरे भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। आज विसर्जन का दौर प्रारंभ होगा जो दोपहर में हवन पूजन के बाद देर रात तक चलता रहेगा झांकियां का चल समारोह भी निकलेगा विसर्जन स्थल पर किसी भी तरह की चूक ना हो उसको लेकर संयुक्त कलेक्टर विनय तिवारी ने केथन डेम पर पास बनाए गए कृत्रिम कुंड के विसर्जन स्थल का जायजा लेकर निर्देश देते हुए कहा कि किसी को भी पानी के अंदर प्रतिमा विसर्जन करने के लिए ना जाने दिया जाए इसके लिए यहां पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम हो लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। तहसीलदार संजय चौरसिया ने बताया कि हमारे द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई हैं डेम के अंदर किसी को भी विसर्जन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि इस बार केवल एक ही जगह विसर्जन होगा और कहीं विसर्जन नहीं होगा ना ही श्रद्धालु दूसरे जगह प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए लेकर जाएं प्रशासन के द्वारा बनाए गए कुंड में ही विसर्जन करें जहां पर



नगर पालिका की टीम मौजूद रहेगी उन्हीं को प्रतिमाएं दें केथन डेम पर बनाएं गए कृत्रिम कुंड में ही विसर्जन होगा नगर पालिका की टीम मौजूद रहेगी पूरे समय गोताखोरों की टीम 8- 8 घंटे काम करेंगे लाइट की उचित इंतजाम किए गए हैं।

**निकलेगा चल समारोह तैयारी को लेकर हुई बैठक–** अनंत चतुर्दशी पर गणेशोत्सव का समापन होग झांकी स्थलों पर हवन पूजन के उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर प्रारंभ होगा देर शाम से चल समारोह भी प्रारंभ होगा इसमें मुख्य रूप से गणेश की अंथाई समिति द्वारा परंपरागत रूप से चल समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के वरिष्ठ सदस्य रमेश यादव ने बताया की इस बार मंदिर के प्रधान पुजारी की अस्वस्थता के कारण समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा का मार्गदर्शन नही मिल पा रहा है। परंतु उन्होंने सभी समिति के सदस्यों से आग्रह किया है की यह शहर का परंपरागत आयोजन है और स्व .लक्ष्मीकांत जी शर्मा ने इस समारोह को जो भव्यता प्रदान की है उसी तरह गणेशोत्सव का यह समापन चल समारोह धूमधाम से निकलना चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री चौहान आज आपात चिकित्सा सेवा परियोजना शुरू करेंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) परियोजना का शुभारंभ करेंगे। भारत में, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल एआईआईएमएस (एम्स भोपाल) के साथ मध्यप्रदेश सरकार की एक नई पहल के तहत एक आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। इस परियोजना के तहत, विशेष प्रशिक्षण प्राप्त आपातकालीन चिकित्सा टीमों को तैनात किया जाएगा, जो कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और तकनीकों से लैस होंगी। इन टीमों को आपातकालीन कॉल्स पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे मरीजों को प्राथमिक चिकित्सा और तत्काल इलाज मिल सके। आईसीएमआर और एम्स भोपाल के विशेषज्ञ इस परियोजना की निगरानी करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान की जाएं। इसके साथ ही, परियोजना के अंतर्गत चिकित्सा डेटा का संकलन और विश्लेषण भी किया जाएगा, जिससे भविष्य में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। मध्य प्रदेश सरकार की इस पहल से क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने की उम्मीद है और आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की जिंदगी बचाने में सहायता मिलेगी।



**तैयारियों का जायजा–**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभांरभ श्रीमंत माधव राव सिंधिया जिला चिकित्सालय में आज मंगलवार 17 सितम्बर को किया जा रहा है। तैयारियों के मद्देनजर जिला चिकित्सालय में स्थापित किए गए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के शुभांरभ के पूर्व किए जाने वाले प्रबंधो का कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर जायजा लिया है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में जन औषधि केन्द्र की तैयारी हेतु क्या प्रबंध सुनिश्चित किए गए है कि जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा है पर आधारित स्वच्छता गतिविधियों के साथ-साथ श्रमदान, शपथ सहित अन्य कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त एम्स और आईसीएमआर के तत्वाधान में आकस्मिक चिकित्सा सेवा योजना और ईआईसी का शुभांरभ तय किया गया है।

# ईद मिलादुन्नबी पर 43 लोगों ने किया रक्तदान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ईद मिलादुन्नबी पर ऑल इण्डिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन पुराने अस्पताल में रखा गया। कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया इंसानियत की खिदमत करने के लिए यह भी एक काम है। आज हम आये दिन देखते रहते है की बीमारियो की वजह से कई लोगो को खून की कमी हो जाती है और कई लोग खून की कमी की वजह से परेशान होते है यहाँ तक की उनकी मृत्यु हो जाती मानवता की खिदमत करने के लिए रक्त दान एक पुण्य का काम है। रक्त दान मे कुल 43 लोगो ने अपना रक्त दान किया रक्त दान के आयोजन मे पत्रकार साथियों ने भी रक्तदान किया जिसमे प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम, सलमान अमीन, अल्ताफ खांन, निजाम खान, असिमदाद खांन ने अपने साथियो, के साथ रक्त दान कर अच्छा सन्देश दिया। इस दौरान आयोजन समिति के मौलाना अब्दुल्लाह इब्राहिमी, संजय सोलंकी डॉ. वसीम, मौलाना अब्दुल्लाह इब्राहीमी, शोएब खांन, अल्ताफखांन, कमर हाफिज, आदि लोगो का सहयोग रहा।

# गायत्री परिवार की कार्यकर्ता संगोष्ठी, सीएम राइज स्कूल सिरोंज में हुई

सिरोंज। अभा गायत्री परिवार सिरोंज की कार्यकर्ता संगोष्ठी तहसील समन्वयक समाजसेवी रामबाबू कुशवाह की अध्यक्षता में सीएम राइज स्कूल सिरोंज में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि लटेरी से आए मनमोहन विश्वकर्मा और बृजेंद्र रघुवंशी रहे बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई और गायत्री परिवार के कार्यों पर बात हुई, संगोष्ठी में लटेरी से पधारे बृजेन्द्र रघुवंशी ने बताया की आगामी समय में गायत्री परिवार के द्वारा किए जा रहे कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचना है जिसमे जनमानस में वैचारिक परिवर्तन लाना है जिसमे गायत्री जप साधना और यज्ञ के महत्व को बताया। नशा मुक्ति, वृक्षारोपण जैसे सप्त आंदोलनो आदि गांवों में किए जायेंगे ,साथ ही तहसील समन्वयक रामबाबू कुशवाह के द्वारा संगठन को विस्तार देने के लिए तहसील में गायत्री युवा मंडल ,गायत्री प्रज्ञा मंडल, गायत्री महिला मंडल और सांस्कृतिक मंडलों के माध्यम से कार्य किए जायेंगे। इस दौरान तहसील समन्वयक समाजसेवी रामबाबू कुशवाह तहसील सह समन्वयक सीएम राइज स्कूल प्राचार्य महेश ताम्रकार, सह समन्वयक संजीव माथुर, आशीष नगीना, राजेश दांगी, राकेश कुशवाह, राजेश विश्वकर्मा ,भूरा कुशवाह ,श्रीमती मीना वर्मा, भागवती राजपूत सुरक्षा दांगी, नवल कुर्मी, सुनील यादव, विष्णुविक्रांत शर्मा, छगन सिंह राजपूत, राजेश भार्गव, भैयालाल कुशवाह, आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**

क्रमांक/निविदा/2024-25 — रायसेन, दिनांक : 11-9-24

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय रायसेन की व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्नलिखित मदों में पृथक-पृथक ई-निविदाएं इच्छुक निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ई-निविदा का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत समग्र चिकित्सालय एवं रोगी सूचना प्रबंधन तंत्र एवं अन्य आई.टी. इनेबल्ड सेवाओं (E-Hospital & Patient Management System) की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु। | चतुर्थ आमंत्रण |
| 2 | जिला चिकित्सा रायसेन के अस्थि रोग विभाग हेतु आर्थोपेडिक इम्प्लांट्स एवं डेंटल यूनिट में लगने वाली आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु। | द्वितीय आमंत्रण |
| 3 | जिला चिकित्सालय रायसेन में अग्नि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न वार्डो/इकाईयों/कक्षों में स्थापित अग्निशामक यंत्र (Fire Extinguisher) रिफिल करने/नवीन प्रदाय करने हेतु। | द्वितीय आमंत्रण |
| 4 | जिला चिकित्सालय रायसेन आवश्यक विद्युत सामग्री (Electrical Items) क्रय करने हेतु। | द्वितीय आमंत्रण |
| 5 | जिला चिकित्सालय रायसेन एवं सिविल सर्जन कार्यालय में स्थापित एयर कडिंशनर, आर.ओ. सिस्टम एवं वाटर कूलर की सर्विसिंग करवाने हेतु। | द्वितीय आमंत्रण |
| 6 | जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत कम्प्युटर/लेटटॉप/प्रिंटर/अन्य हार्डवेयर सामग्री क्रय करने एवं रिपेयरिंग करवाने हेतु। | द्वितीय आमंत्रण |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र मप्र शासन के पोर्टल की बेवसाईट https//mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू. 1,000/- (रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान पर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो मप्र शासन के पोर्टल की बेवसाईट https//mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की-डेट्स निम्नानुसार है।

E-Tender Key Dates

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 17-09-2024, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 17-09-2024, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 17-09-2024, 05:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 07-10-2024, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 09-10-2024, 12:00 PM |
| Finacial Bid Opening Date | As per committee decision |

G-16285/24

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन



# कमिंस बोले: बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में फिफ्टी-फिफ्टी का मुकाबला, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नतीजे बदलने को बेकरार

**22 नवंबर से सीरीज की शुरुआत**

**नईदिल्ली. एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बराबरी का मुकाबला होगा। दोनों टीमों के बीच 50-50 का मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 22 नवंबर से शुरू हो रही है। इस बार भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में लगातार तीसरी बार हराने का मौका है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2018 और 2021 की सीरीज में जीत दर्ज की थी। रिकॉर्ड बदलने का समय आ गया है पैट कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'सबसे हालिया टेस्ट मैच निश्चित रूप से तटस्थ परिस्थितियों में वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप था, और हम उस मैच में टॉप पर रहे। यह हमेशा बेहद प्रतिस्पर्धी होता है, और हमेशा ऐसा लगता है कि यह 50-50 है। मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 10 में से 10 उत्साहित हूं।' कमिंस ने आगे कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो सीरीज में हम सफल नहीं रहे हैं, इसलिए काफी समय हो गया है। उम्मीद है कि अब सुधार करने का समय आ गया है। आप जानते हैं, हमने उनके खिलाफ कई बार खेला है, जहां उन्होंने हमें हराया है, लेकिन हमने उनके खिलाफ कई जीत भी दर्ज की हैं, जिससे हमें आत्मविश्वास मिलेगा।' सीरीज जीतने को बेकरार हैं कमिंस इससे पहले भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज को लेकर कमिंस ने कहा था, यह वह ट्रॉफी है जिसे मैंने पहले नहीं जीता है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है, जिसे हमारे ग्रुप के बहुत से खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं। हमने पिछले कुछ सालों में एक टेस्ट ग्रुप के रूप में शानदार चीजें हासिल की हैं। आप घर पर हर सीरीज जीतने की कोशिश करते हैं।

### कंगारू टीम भारत को कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हरा सकी

ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी जीती, लेकिन भारत से सीरीज जीत का इंतजार ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में 2023 में भारत को ही हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा किया था। लेकिन कंगारू टीम भारत को 2014-15 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हरा सकी। 2014 में टीम ने स्मिथ की कप्तानी में 2-1 से सीरीज जीती थी। तब से 4 सीरीज हुईं, चारों में भारत को 2-1 के अंतर से जीत मिली। इस दौरान भारत के कप्तान विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा रहे। 22 नवंबर से शुरू होगी टेस्ट सीरीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट की सीरीज इसी साल 22 नवंबर से शुरू होगी। पर्थ में पहला टेस्ट होगा। एडिलेड में दूसरा टेस्ट, ब्रिसबेन में तीसरा टेस्ट, मेलबर्न में चौथा टेस्ट और 3 जनवरी से सिडनी में पांचवां टेस्ट खेला जाएगा।

*क्लब फुटबॉल : पिछले सीजन की फाइनलिस्ट रियाल मैड्रिड और बोरुसिया डोर्टमंड का सामना लीग दौर में ही होगा*

# नए फॉर्मेट के साथ आज से शुरू होगी यूएफा चैंपियंस लीग

**मोनाको. एजेंसी**

नए फॉर्मेट के साथ यूएफा चैंपियंस लीग का आगाज आज से होगा। मोनाको में हाई-टेक अंदाज में लीग दौर के लिए ड्रॉ निकाले गए। चैंपियंस लीग के 2024-25 सीजन में ग्रुप दौर को खत्म कर लीग राउंड शुरू किया गया है, जिसमें 32 के बजाय 36 टीमें हिस्सा लेंगी और प्रत्येक टीम आठ मैच खेलेगी। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बटन दबा कर ड्रॉ निकाले।

### ऐसा है फॉर्मेट

36 टीमों को नौ-नौ टीमों के चार पॉट में बांटा गया है। प्रत्येक टीम आठ अलग-अलग टीमों (प्रत्येक पॉट से दो टीम) से मुकाबला करेगी। लीग दौर के अंत में शीर्ष आठ टीमें सीधे राउंड-16 के लिए क्वालीफाई कर लेंगी, जबकि नौंवे से 24वें स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ के जरिए अंतिम-16 में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। नॉकआउट दौर के मुकाबले पारंपरिक फॉर्मेट के अनुसार होंगे। लीग राउंड में 25वें स्थान से नीचे रहने वाली टीमें इस सीजन से एलिमिनेट हो जाएंगी।



### रोनाल्डो को यूसीएल लीगेसी अवॉर्ड

इस दौरान फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले पुर्तगाली स्टार रोनाल्डो को यूसीएल लीगेसी अवॉर्ड से नवाजा गया। चैंपियंस लीग में रोनाल्डो 140 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर हैं। दूसरे नंबर पर लियोनल मेसी हैं, जिन्होंने 129 गोल किए हैं। हालांकि रोनाल्डो अब यूरोप छोड़कर सऊदी अरब चले गए हैं, जहां वे अल नासर के लिए खेलते हैं।

### लिवरपूल का सामना चैंपियन रियाल मैड्रिड से

नए फॉर्मेट वाले इस सीजन में प्रत्येक टीम चार मैच अपने घर में जबकि चार मुकाबले बाहर खेलेगी। मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड की टीम लिवरपूल से भिड़ेगी, जबकि मैनचेस्टर सिटी का सामना लीग दौर में पेरिस सेंट जर्मन से होगा। पिछले सीजन की फाइनलिस्ट रियाल मैड्रिड और बोरुसिया डोर्टमंड की टीमें लीग राउंड में आमने-सामने होंगी।

### नया प्रारूप तैयार

यूईएफए के फुटबॉल प्रभाग ने नए प्रारूप को तैयार करने में हजारों घंटे लगाए, तथा इसे विकसित करने और परिष्कृत करने के लिए जटिल गणितीय मॉडलों और एल्गोरिदम का उपयोग किया। चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण को 36 टीमों की एक लीग से बदल दिया गया है - जो वर्तमान 32 से चार अधिक है और प्रत्येक टीम अब आठ अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आठ मैच (छह की बजाय) खेलेगी, जिससे यह निर्धारित होगा कि नॉकआउट चरण के लिए कौन अर्हता प्राप्त करता है। नया प्रारूप प्रतिस्पर्धा को खोलने और अधिक टीमों को नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए भी तैयार किया गया है। नए प्रारूप को प्रतिस्पर्धा को खोलने और नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अधिक टीमों को अवसर प्रदान करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। एक गणितज्ञ को तीन सत्रों में नए प्रारूप का अनुकरण करने का कार्य सौंपा गया था, जिसमें मॉडलिंग का उपयोग करके यह देखना था कि मृत मैचों की संख्या, गोल औसत, प्रति मैच औसत गोल अंतर, जीत का अंतर आदि के संदर्भ में बेहतर परिणाम थे या नहीं।

*एसए-20 लीग के तीसरे सीजन का शेड्यूल घोषित*

# 9 जनवरी 2025 को सनराइजर्स और एमआई केपटाउन में पहला मैच; 8 फरवरी को होगा फाइनल

**मॉन्ट्रियल. एजेंसी**



एसए-20 लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने की प्रेस कांफ्रेंस।

साउथ अफ्रीका की फ्रेंचाइजी लीग एसए-20 के तीसरे सीजन का शेड्यूल सामने आ गया है। इसकी शुरुआत अगले साल 9 जनवरी 2025 से होगी। 2 बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केपटाउन के बीच केबरा के सेंट जॉर्ज पार्क में पहला मैच खेला जाएगा। जबकि लीग का फाइनल 8 फरवरी को वांडरर्स में होगा। ग्रीम स्मिथ लीग के तीसरे सीजन के लिए उत्साहित एसए-20 लीग कमिश्नर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'हम अपने मौजूदा चैंपियन के साथ केबरा में सीजन की शुरुआत करने के लिए रोमांचित हैं। क्रिकेट के एक एक्शन से भरपूर गर्मी का इंतजार कर रहे हैं। लोकल स्टार्स से भरे पूल में इंटरनेशनल टैलेंट्स का स्वागत करते हुए हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करना है।'

### ग्रुप स्टेज के बाद टॉप-2 टीमें क्वालिफायर-1 खेलेंगी

टूर्नामेंट के प्लेऑफ तीन स्थानों पर होंगे ग्रुप स्टेज के बाद टॉप-2 टीमें क्वालिफायर-1 खेलेंगी। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। यह मुकाबला सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। इस एलिमिनेटर मुकाबले को जीतने वाली टीम क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम से क्वालिफायर-2 में भिड़ेगी। यह दोनों मैच सेंचुरियन में खेले जाएंगे। एसए-20 के शुरुआती दोनों सीजन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने जीते इस लीग के शुरुआती दोनों सीजन ऐडन मार्करम की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम ने जीते हैं। पहले सीजन में ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। जबकि पिछले सीजन टीम ने डरबन सुपर जायंट्स को फाइनल में मात देकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी उठाई।



## मेट्रो बाजार

# सैमसंग वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों की करेगी छंटनी, भारत भी होगा प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिका समेत कई देशों में मंदी का दौर चल रहा है। कई बड़ी कंपनियां कर्मचारियों को निकाल रही हैं। ऐसे में दक्षिण कोरिया की बड़ी टेक कंपनी सैमसंग भी वैश्विक स्तर पर बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक दुनियाभर में अपने कर्मचारियों की वर्कफोर्स में 30 फीसदी की कमी करने की योजना बना रही है। ऐसे में सैमसंग की इस योजना से सैकड़ों कर्मचारियों को बड़ा झटका लग सकता है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सैमसंग द्वारा कर्मचारियों को निकालने का असर प्रशासनिक, सेल्स, मार्केटिंग स्टाफ पर पड़ेगा। यह कर्मचारी अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफ्रीका क्षेत्र में सबसे ज्यादा दिखाई देगा। कंपनी की यह योजना साल के अंत तक पूरी हो सकती है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि सैमसंग दुनिया की सबसे बड़ी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों में एक है। इसके साथ ही कंपनी टीवी और मेमोरी चिप्स का भी निर्माण करती है। इस संबंध में कंपनी ने कहा है कि कंपनी के इस निर्णय से वर्कफोर्स में एडजेस्टमेंट होगा और साथ ही काम की एफिशियंसी में भी सुधार देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि कंपनी ने वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों को निकालने का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। ऐसे में कंपनी के प्रोडक्ट तैयार करने वाले कर्मचारी इस योजना से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैमसंग के दुनियाभर में 267800 कर्मचारी हैं, इनमें से आधे से अधिक कर्मचारी दक्षिण कोरिया से बाहर कार्य करते हैं। सैमसंग की सेल्स और मार्केटिंग टीम में लगभग 25100 कर्मचारी हैं, जो कंपनी का काम देखते हैं। वहीं, हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैमसंग के प्रशासनिक कामों के लिए 27800 कर्मचारी शामिल हैं। बीते कुछ समय से सैमसंग कई चुनौतियों का सामना कर रही है।




रिपोर्ट्स में यह भी बताया जा रहा है कि कंपनी बीते 15 सालों में सबसे कम राजस्व जुटाया है। इसके साथ ही कंपनी का चिप बिजनेस भी काफी नीचे गिर गया है, इस वजह से कंपनी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स में यह बताया जा रहा है कि भारत में भी सैमसंग की इस योजना का असर देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि सैमसंग ने इस संबंध में भारत में मिड लेवल के कर्मचारियों को अच्छा पैकेज देना शुरू कर दिया है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि भारत में लगभग एक हजार कर्मचारियों को निकाला जाएगा।

# गणपति उत्सव पर 55 किलो सोना महज चढ़ावे के लिए बिका! नवरात्र-दिवाली के लिए की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आम चुनावों के कारण पहली छमाही में ऑटो से लेकर कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर तक में सुस्ती दिखी। सोने की बिक्री में भी धीमी वृद्धि हुई। अब निर्माताओं को दूसरी छमाही में वृद्धि दर में सुधार के साथ त्योहारी सीजन अच्छा जाने की उम्मीद है। अगले महीने अक्तूबर से देश भर में त्योहारों और शादी ब्याह का सीजन शुरू होने वाला है। इस मौके को भुनाने के लिए उपभोक्ता सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों से लेकर कंज्यूमर ड्यूरेबल कंपनियां और सोने के खुदरा कारोबारी तक तैयारियों में जुट गए हैं। त्योहारों पर टीवी, फ्रिज और दोपहिया-चारपहिया वाहन लेने के लिए ऋण उपलब्ध करवाने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां भी अपनी रणनीति तैयार कर चुकी हैं। आम चुनावों के कारण पहली छमाही में ऑटो से लेकर कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर तक में सुस्ती दिखी। सोने की बिक्री में भी धीमी वृद्धि हुई। अब निर्माताओं को दूसरी छमाही में वृद्धि दर में सुधार के साथ त्योहारी सीजन अच्छा जाने की उम्मीद है। जानकारों के अनुसार आगामी त्योहारों के दौरान बिक्री उम्मीद से अच्छी होगी, इसका अंदाजा मुंबई में चल रहे गणपति उत्सव से लगाया जा सकता है। उत्सव के दौरान अब तक 55 किलोग्राम तक सोने की बिक्री केवल गणपति पर चढ़ाने के लिए की जा चुकी है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# 'आज की रात' गाना करने से पहले कतरा रही थीं तमन्ना, लग रहा था रिस्की, बताई वजह

'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' से तमन्ना भाटिया ने प्रशंसकों के दिलों को चुरा लिया। उनकी अदाओं ने फैंस की रातों की नींद उड़ा दी है। फिल्म के साथ यह गीत भी हिट रहा। इस गीत को लेकर अभिनेत्री ने एक खुलासा किया है। दरअसल वह इस गाने को लेकर थोड़ी आशंकित थीं। आइए जानते हैं अभिनेत्री आखिर क्यों इस गाने को लेकर आशंकित थीं? रिपोर्ट्स के मुताबिक ग्राजिया इंडिया से बात करते हुए तमन्ना ने कहा, कावाला की सफलता के बाद 'स्त्री 2' के लिए गाना करना बहुत जोखिम भरा लगा। मैंने सोचा, 'क्या मैं जो पहले ही कर चुकी हूं, उससे बेहतर कर पाऊंगी?' अभिनेत्री ने खुलासा किया कि निर्देशक अमर कौशिक ने उनसे मुलाकात की और उन्हें समझाया कि यह विशेष गीत कहानी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके बाद अभिनेत्री को लगा कि यह गाना उन्हें यह करना है। फिल्म का यह गीत 'आज की रात' हर जगह चर्चा में है, पिछले साल दिग्गज रजनीकांत के साथ तमन्ना का 'कावाला' दुनियाभर में हिट रहा था। हाल ही में, तमन्ना को कई फिल्मों में मुख्य भूमिकाओं से ज्यादा या तो विशेष भूमिकाएं निभाते हुए या फिर एक लंबा कैमियो करते हुए देखा गया है। तमन्ना ने कहा कि वह किसी एक ही दायरे में सीमित नहीं रहना चाहती हैं। जब लोगों ने उन्हें सहायक रोल निभाने वाली के रूप में स्टीरियोटाइप करना शुरू किया, तो तमन्ना ने तुरंत ऐसे किरदार चुनना शुरू कर दिया, जिसकी लोगों ने कभी उम्मीद नहीं की थी। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कभी भी किरदार की स्क्रीन टाइम पर ध्यान केंद्रित नहीं करती थी। मैं बस यही चाहती थी कि लोग मुझे याद रखें।'तमन्ना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह 'स्त्री 2' में देखी गईं। वहीं, उन्होंने 'वेदा' में भी काम किया। यह फिल्म 'स्त्री 2'और 'खेल खेल में' के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराई। तमन्ना के आगामी कार्यों की बात करें तो वह तेलुगु सुपरनैचुरल थ्रिलर 'ओडेला 2' और वेब शो 'डेयरिंग पार्टनर्स' में नजर आएंगी।

# 'द ट्रेटर्स' शो के लिए जैसलमेर रवाना हुए करण जौहर, जल्द शुरू होगी शूटिंग



इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब एक बड़ा रियलिटी शो होस्ट करने जा रहे हैं। इस शो का नाम 'द ट्रेटर्स' है। यह शो लोकप्रिय अमेरिकन शो का भारतीय संस्करण है। इस शो से जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर है। अब नई जानकारी यह है कि निर्माता 'द ट्रेटर्स' की शूटिंग के लिए जैसलमेर रवाना हो गए हैं। कहा जा रहा है कि यहां वे दो हफ्ते तक रहेंगे और 'द ट्रेटर्स' को होस्ट करेंगे। शो में 10 प्रतिभागी होंगे, जो एक ही स्थान पर सीमित होंगे और दर्शकों को बांधे रखने के लिए कई कार्य और अप्रत्याशित मोड़ होंगे। विभिन्न स्थानों की खोज करने के बाद, प्रोडक्शन टीम ने खेल के लिए जैसलमेर को आदर्श स्थान के रूप में चुना। मेकर्स का मानना है कि वह इस शो के लिए परफेक्ट होस्ट होंगे। इसमें शामिल सभी लोगों का मानना है कि करण शो में अपनी होस्टिंग से और भी जान डाल देंगे। शाहरुख खान ने मंगलवार को आइफा अवॉर्ड्स 2024 के लिए हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में करण जौहर की होस्टिंग को लेकर चुटकी ली थी। शाहरुख ने कहा कि करण ने मुझे कहा है कि वो जूम पर होस्टिंग करेगा। उसने मुझे कहा कि मैं ये भी कर लेता हूं वो भी कर लेता हूं। उन्होंने कहा कि करण अवॉर्ड शो होस्ट कर लेता है, चैट शो होस्ट कर लेता है, अरे तू फिक्र तो बना भाई। एक फिल्म मेकर के लिए ये गलत है। शाहरुख की इस बात को सुनकर वहां मौजूद हर कोई हंस पड़ा। करण जौहर के वर्क फ्रंट की बात करें तो फिलहाल इस शो के अलावा उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं।



# एक्टर राम कपूर ने कहा- अब छोटे परदे पर लौटने की सोच भी नहीं सकता

अभिनेता राम कपूर जल्द ही 'युध्रा' फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें गजराज राव, मालविका मोहनन, राघव जुयाल और राज अर्जुन ने भी अभिनय किया है। राम कपूर की बात करें तो उन्होंने टीवी शो बड़े अच्छे लगते हैं से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई है। वो टीवी से ब्रेक ले चुके हैं और एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने टीवी पर वापसी को लेकर अपनी बात साझा की है। राम कपूर का कहना है कि वो फिलहाल टीवी पर वापसी करना नहीं चाहते और उनकी ऐसी कोई इच्छा भी नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आप छोटे परदे पर बढ़िया काम करना चाहते हैं और उसके लिए एक सफल शो चाहते हैं तो फिर तीन-चार साल तक एक ही रोल को करना पड़ता है। राम कपूर ने ये बात पिंकविला को दिए साक्षात्कार में बताई। राम कपूर ने कहा कि टीवी से इतर अब वो जो भी काम कर रहे हैं वे सभी एक-दूसरे से अलग है और वो उन कामों को करने का मजा ले रहे हैं। बता दें कि राम पिछली बार नीयत फिल्म में नजर आए थे। इससे पहले उन्हें द बिग बुल में देखा गया था। साल 2023 में वो जुबली वेब सीरीज में भी दिखाई दिए थे। उनकी नई वेब सीरीज 'खलबली रिकॉर्ड्स' की स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर शुरू हो गई है। राम ने कहा कि उन्हें हर साल अलग-अलग किस्म के रोल मिलने लगे हैं तो ऐसे में फिर से कई साल तक एक ही रोल करने वाले काम पर लौटने के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं। इसलिए टीवी की दुनिया में लौटना मुश्किल है। राम ने कहा कि उन्हें फिल्म और ओटीटी पर अच्छे अभिनेता के तौर पर स्वीकार्यता मिल गई है। राम कपूर ने मानसून वेडिंग, हजारों ख्वाहिशें ऐसी, गोलमाल रिटर्न्स, एक मैं और एक तू, एजेंट विनोद, स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर, शादी के साइड इफेक्ट्स, उड़ान और मेरे डैड की मारुती समेत कई फिल्मों में काम किया है।

### नहीं मिला सुसाइड नोट, परिजन बोले- झांकी देखने का कहकर निकला था बेटा

# रेलवे ट्रैक किनारे बाइक खड़ी कर ट्रेन से कटकर दी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित पातरा पुलिया के पास रेलवे ट्रैक से सोमवार सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर पुलिस ने मृतक की बाइक भी बरामद की। अनुमान है कि मृतक बाइक से यहां आया था और रेलवे ट्रैक किनारे बाइक खड़ी करने के बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। हालांकि उसने आत्महत्या क्यों कि है इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

एसआई महेश सरेयाम ने बताया कि वे रविवार-सोमवार की रात वह रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान रात करीब ढाई बजे पातरा पुलिया के पास रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर उन्होंने एक बाइक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी देखी। बाइक के पास पहुंचे और आसपास बाइक मालिक का पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका होने पर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और रेलवे टै:क भी चेक की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बाइक की चाबी निकाली और गश्त पर निकल गए। सुबह होने पर सूचना मिली कि पुल पातरा पर झाड़ियों के बीच रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि शव रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ा था। दोनों तरफ झाड़ियां थी। बाइक से शव की दूरी काफी दूरी थी।

**टूटा मोबाइल और पर्स में मिला आधार कार्ड:** एसआई सरेयाम ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर एक टूटा मोबाइल मिला था। मोबाइल का फोल्डर और कैमरा अलग-अलग पड़ा था। मृतक की तलाशी ली गई तो पर्स में 160 रुपए की नगदी और आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त रोहित पंथी पिता स्वर्गीय मनोज पंथी (24) अटल अय्युब नगर, गौतम नगर के रूप में कर ली गई। परिजन से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी गई। मर्चुरी पहुंचे मृतक के परिजन ने बताया कि रोहित प्राइवेट काम करता था और झांकी देखने का कहकर घर से निकला था। इसके अलावा परिजन भी नहीं बता सके कि रोहित ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया।

### बस स्टैंड पर मिली युवक की लाश

इसी थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज के पास बस स्टाप से लोहे की बैंच पर एक युवक की लाश बरामद की गई। मृतक बैठी हुई अवस्था में था। अनुमान है कि उसे अटैक आया है। पुलिस ने बताया कि भानपुर के पास सिटी बस के लिए बनाए गए बस स्टैंड से सुबह करीब साढ़े 6 बजे एक युवक की लाश बरामद की गई। उसकी पहचान रोहित उर्फ फत्तु पिता दयाराम प्रजापति (25) रासलाखेड़ी, छोला मंदिर के रूप में की गई। रोहित प्राइवेट गाड़ी चलाता था। अनुमान है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# लैब संचालक के घर से नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गौरीशंकर आवासीय परिसर में लैब संचालक के सूने मकान से अज्ञात नकबजन 18 हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए। घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज देखने पर चार बदमाश नजर आए हैं। चारों मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। लैब संचालक ने बताया कि उनके घर से करीब दस लाख रुपए का माल चोरी हुआ है।

40 साल के दिनेश मालवीय, एलआईजी 11/408, गौरीशंकर आवासीय परिसर में रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां है। रविवार शाम करीब 7 बजे वह परिवार के साथ गंजबासौदा गए थे। वहां से सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अपने निवास पहुंचे। इस दौरान पता चला कि घर के गेट पर लगा सेंट्रल लॉक टूटा हुआ था। वे अंदर पहुंचे तो कवर्ड खुली हुई थी। कवर्ड में पत्नी के चार मंगलसूत्र, तीन हार, कान के टॉप्स समेत बच्चों के सोने के कंगन नहीं थे। इसके अलावा 18 हजार रुपए की नगदी रखी हुई थी, वह भी नकबजनों के हाथ लग गई। दिनेश मालवीय ने बताया कि मल्टी में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर चार चोर नजर आए हैं। सभी मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चार नकाबपोश नकाबजन, करीब दस लाख के गोल्ड पर किया हाथ साफ



**तीन बजकर 12 मिनट में अंदर घुसे थे बदमाश**

दिनेश मालवीय ने बताया कि मल्टी में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पता चला कि बदमाश रात करीब तीन बजे के आसपास मल्टी में घुसे थे। 3 बजकर 12 मिनट पर उनके घर का सेंट्रल लॉक तोड़ा गया। बदमाशों ने ज्यादा सामान से छे?छा? नहीं की। वे सीधे कवर्ड के पास पहुंचे और अंदर रखा गोल्ड और नकदी निकालकर फरार हो गए। बदमाशों ने पास ही 405 नंबर के फ्लैट में वारदात की। वहां रहने वाले अंकित सिंह के फ्लैट से भी बदमाश दस हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए हैं।

### गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में नहीं दिखे बदमाश

रहवासी परिसर में हुई वारदात से रहवासी खासे नाराज है। रहवासियों ने गार्ड रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे हैं, लेकिन फुटेज में आरोपी नजर नहीं आए हैं। सवाल इस बात का है कि रात में गेट पर दो से तीन गार्ड तैनात रहते हैं। बावजूद इसके परिसर में नकबजन घुस आए और वारदात को अंजाम दिया। अनुमान यह भी है कि बदमाश परिसर की दीवार फांदकर आए होगे।

## रंजिश में युवक का अपहरण कार से घुमाते रहे बदमाश

### खंडहरनुमा मकान में ले जाकर पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### पचास हजार रुपए की कर रहे थे मांग, नहीं देने पर खंडहर में ले जाकर पीटा



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा आर्केड में सोमवार शाम उस समय सनसनी फैल गई। जब एक कार में सवार चार बदमाशों ने युवक का सरेराह अपहरण कर लिया और उसे कार में बिठाकर ले गए। अपहरणकर्ता युवक को कार से अमराई स्थित एक खंडहरनुमा मकान में ले गए और वहां उसे लात घूंसों से मारपीट की। बाद में आरोपी उसे बायपास की तरफ ले गए और चलती कार में मारपीट करते रहे। आरोपियों की मंशा थी कि उन्हें पचास हजार रुपए युवक दे सकता है, लेकिन युवक ने रुपए न होने की बात कही तो आरोपी उसे करीब पांच घंटे बाद छोड़कर फरार हो गए। युवक ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 साल का दर्शन सिंह राजपूत, कटारा हिल्स में रहता हैड़और प्राइवेट नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि कल सोमवार शाम वह कटारा हिल्स से बागसेवनिया जाने के लिए निकला था। साढ़े 5 बजे के आसपास कृष्णा आर्केड के सामने कार से आए बाबू बंगाली, राजा खान, अजय और रोहित ने उसे रोक लिया। कार रोहित की थी। कार रोकने के बाद आरोपी ने उसे जबरन अंदर बिठा लिया और मारपीट करने लगे। आरोपी उसे अमराई में खंडहरनुमा मकान में ले गए और पचास हजार रुपए की मांग कर रहे थे। उसने रुपए नहीं होने की बात कही तो आरोपी उसे बायपास पर ले गए और चलती कार में मारपीट की। रात करीब दस बजे आरोपियों ने दर्शन को छोड़ा था। दर्शन ने बागसेवनिया पुलिस थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की अड़ीबाजी, लालघाटी पर मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी चौराहा पर एक बदमाश ने युवक से शराब के लिए अड़ीबाजी कर दी। युवक ने रुपए नहीं होने की बात कही तो वह भड़क गया और मारपीट कर दी। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दौलत जाटव पिता राजेन्द्र जाटव (30) पुराना गांधी नगर थाने के पास रहता है और मजदूरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार शाम करीब पांच बजे वह लालघाटी कलारी से शराब पीकर घर जा रहा था। लालघाटी चौराहा पर पहुंचते ही उसे बाबू मिला। दौलत बाबू को पहले से जानता है। बाबू कहने लगा कि मुझे शराव पीने के लिए एक हजार रुपए चाहिए। दौलत ने कहा कि मेरे पास कोई पैसे नहीं है तो वह भड़क गया और गालियां देने लगा। दौलत ने उसे गाली देने मना किया तो उसने लात घूंसों से मारपीट की। मारपीट में उसे गंभीर चोट आई है। आरोपील ने दौलत को धमकी दी है कि यदि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देगा।

## अड़ीबाजी कर रहे बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी टॉकीज इलाके में रविवार रात दो बदमाशों ने कपड़े की दुकान पर काम करने वाले युवक से अड़ीबाजी कर दी। युवक ने अड़ीबाजों का विरोध किया तो उन्होंने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके सिर, सीने, पीठ व पैरों में आधा दर्जन से अधिक चाकू के घाव लगे हैं। गंभीर हालत में उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हनुमानगंज पुलिस ने अड़ीबाजी व जानलेवा हमला करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मारपीट व अड़ीबाजी के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार करोंद निवासी अमन खान (21) लक्ष्मी टॉकीज के पास एक गारमेंट्स की दुकान पर काम करता है। रविवार रात करीब 11 बजे घर लौटते समय इलाके के दो बदमाशों सफदर हसन व हुजेफा हुसैन ने उसे रोक लिया और पैसों की मांग करने लगे। अमन खान ने विरोध करते हुए पैसे देने से इनकार कर दिया। दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया और लहूलुहान हालत में छोड़ कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अमन को गं ीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्र्ज एक आरोपी हुजेफा हसन को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी सफदर हसन की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** बालाघाट के बिलालकसा में दबाया था डम्प, उसी से बनाया जा सकता था आईईडी

# नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम, जमीन में दबाया डम्प सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में नक्सलियों के नापाक मंसूबों को सुरक्षा एजेंसियों ने विफल किया है। ये नक्सली उनके संगठन के स्थापना दिवस 21 सितंबर के आसपास नापाक हरकत करने के मंसूबे पाले बैठे थे जिसके लिए बालाघाट के बिलालकसा में जमीन के अंदर डम्प दबाकर रखा था नष्ट किया गया डम्प इसलिए खतरनाक था क्योंकि उसी की मदद से नक्सली आईईडी जैसी खतरनाक सामग्री बना सकते थे।



पुलिस ने बीते रविवार कार्रवाही को अंजाम दिया है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने संयुक्त सर्चिंग अभियान में बीते रविवार को बालाघाट के बिलालकसा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान नक्सल डम्प को पकड़ा और नष्ट किया। यह डम्प गड्डा खोद कर छुपाया गया था। जिसमें भारी मात्रा में लोहे के स्पिलंटर, बड़ी संख्या में बिजली के स्विच, नक्सल साहित्य, लाल रंग का झंडा एवं पिट्ठू बैग बनाने की सामग्री थी। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों द्वारा स्थापना सप्ताह के दौरान सुरक्षा बलों को गंभीर क्षति पहुंचाने के इरादे से यह डम्प छुपाया था। पुलिस ने बालाघाट के थाना लांजी में अपराध दर्ज किया है। जप्त सामग्री का प्रयोग आईईडी बनाने में की आशंका जताई जा रही है।

### महिला नक्सली की निशानदेही पर कार्रवाही

सुरक्षा बलों व पुलिस ने यह कार्रवाही महिला नक्सली की निशानदेही पर की है। बताया जाता है कि 21 सितंबर 2004 को नक्सल संगठनों ने आपस में विलय कर कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया माओवादी का गठन किया था। ये स्थापना सप्ताह के दौरान बड़ी वारदातों को अंजाम देने के फिराक में रहते हैं। इसके अलावा हाल ही में 14 लाख रुपए की ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली साजंती को भी गिरफ्तार किया गया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022